

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

## पहलगाम में नरसंहार

# 6 आतंकियों के घर बम से उड़ाये


### पुलवामा, शोपिया और कुलगाम में लश्कर से जुड़े आतंकियों के घर ध्वस्त

**कश्मीर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सुरक्षा बलों का ऑपरेशन जारी है। हमले के बाद पुलवामा में सक्रिय आतंकवादी के घरों को भारतीय सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया है। नई कार्रवाई में घाटी के अंदर सक्रिय आतंकियों के दो और घरों को ध्वस्त कर दिया गया है। जून 2023 से लश्कर के सक्रिय कैडर एहसान अहमद शेख के दो मंजिला घर को सुरक्षा बलों ने आईईडी का उपयोग करके उड़ा दिया है। वह पुलवामा के मुर्रान का रहने वाला है।

ऐसी ही एक अन्य कार्रवाई में 2 साल पहले लश्कर में शामिल हुए शाहिद अहमद के घर को शोपियां के चोटीपोरा इलाके में विस्फोट कर उड़ा दिया गया है। पहलगाम हमले के बाद पिछले 48 घंटे में कुल 6 आतंकियों के घरों को ध्वस्त किया जा चुका है।

इसके अलावा, कल रात कुलगाम के क्विमोह में ज़ाकिर गनी के तीसरे घर को सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया, वह 2023 में लश्कर में शामिल हो गया था। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से सक्रिय लश्कर कैडर के आतंकियों के कुल 5 घरों को उड़ा दिया गया है। जिनमें आदिल गोजरी (बिजबेहरा), आसिफ शेख (त्राल), अहसान शेख (पुलवामा), शाहिद कुट्टे (शोपियां), जाकिर गनी (कुलगाम), हारिस अहमद (पुलवामा) शामिल हैं।

शुक्रवार की रात सुरक्षा बलों ने कुलगाम के क्विमोह में जाकिर गनी के घर को उड़ा दिया, वह 2023 में लश्कर में शामिल हुआ था. इसके साथ ही सुरक्षा बलों ने बिजबेहरा में सुरक्षा बलों ने आदिल थोकर के घर को उड़ा दिया. वहीं, त्राल में कल सुरक्षा बलों ने आसिफ शेख के घर को उड़ा दिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)







## भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव : ट्रंप

**वाशिंगटन ( एजेंसी )।** हलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तल्खी के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को उम्मीद जताई कि दोनों देश आपसी रिश्तों में आए तनाव को दूर कर लेंगे।



ट्रंप ने एयरफोर्स वन के विमान में पत्रकारों से कहा, पाकिस्तान और भारत के बीच बहुत तनाव है, लेकिन दोनों देश किसी न किसी तरह से इसका हल निकाल ही लेंगे। ट्रंप ने कहा कि वह दोनों देशों के नेताओं को जानते हैं तथा दोनों उनके करीबी हैं। दोनों देशों के बीच कश्मीर को लेकर झगड़ा है और यह तनाव हमेशा रहा है। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह उनसे संपर्क करेंगे, तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

## नोसेना का X पर ट्वीट




## लड़की के प्यार में बना कातिल, युवक का आरी से गला काटा

### धड़ से अलग कर दिया सिर



**हाथरस ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले से सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। यहां एक छात्र की बड़े ही निमर्मता के साथ हत्या की गई है। कक्षा-9 और 12वीं के छात्रों ने एक युवक को बर्बरता से मार डाला। युवक का आरी से गला काटा, इसके बाद सिर धड़ से अलग कर दिया। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर दिया है और आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, एक लड़की के प्यार में 12वीं के छात्र ने तीन अन्य दोस्तों के साथ मिलकर मेंडू निवासी कपिल का आरी से गला काटकर सिर धड़ से अलग कर दिया था। पुलिस ने कक्षा नौ और 12 वीं के छात्र को गिरफ्तार कर 48 घंटे के भीतर ही घटना का खुलासा कर दिया है।

पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी छात्र और कपिल एक ही लड़की से प्यार करते थे। कपिल उस पर लड़की से दूरी बनाने के लिए दबाव बना रहा था। इसी की खुन्नस में छात्र ने (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, 3 मजदूरों की मौत

**सहारनपुर ( एजेंसी )।** देवबंद में शनिवार सुबह करीब 6:00 बजे एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ। इस धमाके से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विस्फोट के समय फैक्टरी के अंदर कई लोग मौजूद थे, जिससे कई लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही थी। विस्फोट की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। फैक्टरी में आग



लगने के बाद दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। प्रशासन घटना के कारणों की जांच कर रहा है।

देवबंद थाना क्षेत्र के निहालखेड़ी में स्थित पटाखा फैक्टरी में विस्फोट हुआ है जिसके बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व मजूदरों के परिजन दिल्ली-देहरादून हाईवे पर उतर आए और हंगामाकरने लगे। इस दौरान उन्होंने डीएम एसएसपी का घेराव भी किया। डीएम ने तीन लोगों के मरने की पुष्टि की है।

## प्रेस करने वाली फैक्टरी में दो स्टीमर फटे

### बीस लोगों को आई चोटें, फैक्टरी के शीशे टूटे



**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के सेक्टर-63 में स्थित एक कंपनी में प्रेस करने के लिए बनाए गए दो बॉयलर फट गए। इस घटना में कंपनी में काम करने वाले 20 लोगों को चोट आई है। उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के सी-112 सेक्टर 63 स्थित विंडसर कंपनी में कपड़े प्रेस करने का काम चल रहा था। इसी बीच आज सुबह को दो स्टीमर बॉयलर फट गए। इस घटना के चलते कंपनी में लगे शीशे टूट गए तथा दीवारों में दरार आ गई।

पुलिस ने बताया कि इस घटना में वहां काम कर रहे सचिन उम्र 18 वर्ष, कुलदीप उम्र 21 वर्ष, रविकांत उम्र 25 वर्ष, आकाश उम्र 20 वर्ष, मोहित उम्र 19 वर्ष, आलम उम्र 29 वर्ष, प्रकाश उम्र 52 वर्ष, सीमा उम्र 42 वर्ष, मनोज पासवान, सुनीता, आशा, रानी ,भूमि, कल्प सिंह, प्रमोद, रजनीश, लोकेश, सत्येंद्र, पुष्पेंद्र, अतुल घायल हो गए। उनको एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मौके पर अधिकारी मौजूद है।

## गाजियाबाद के गांव में मुस्लिमों को घुसने से रोका, धमकाकर खदेड़ा!

**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा पर्यटकों के धर्मपूछकर उन्हें गोली



मारने की नृशंस घटना का असर अब देश के दूसरे हिस्सों में देखने को मिलने लगा है। गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में स्थित सिरौली गांव में कुछ युवाओं ने सब्जी व अन्य सामान बेचने के लिए आने वाले मुस्लिमों को रोक कर धमकाया तथा उन्हें गांव से खदेड़ दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले की जांच गाजियाबाद पुलिस कर रही है।

वायरल हो रहे वीडियो में कुछ युवा सब्जी बेचने वाले सर्फाबाद के आबिद और एक अन्य खालिद



नामक व्यक्ति को धमकी दे रहे हैं कि वह गांव में न घुसें। गांव में अगर आना है तो अपनी जिम्मेदारी पर आना होगा।

वीडियो में दिख रहे युवा दोनों मुस्लिमों को धमकी दे रहे हैं कि वह गांव में प्रवेश न करें। उनका गांव में प्रवेश बंद कर दिया है। वीडियो वायरल होने के बाद गाजियाबाद पुलिस इन युवाओं के बारे में पता कर रही है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जेवर एयरपोर्ट 'नो ड्रोन फ्लाईंग जोन' घोषित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के पास जेवर में बन रहे जेवर एयरपोर्ट से जुड़ी




एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जेवर में बन रहे जेवर एयरपोर्ट (नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट) को नागर विमानन मंत्रालय एवं नागरिक उड्डयन महानिदेशालय तथा सुरक्षा एजेंसियों के निर्देश के बाद रेड जोन (नो ड्रोन फ्लाई जोन) घोषित कर दिया गया है। यह कदम जेवर एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर उठाया गया है।

नोएडा कमिश्नरेट के एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रेटर नोएडा के पास जेवर में बन रहे जेवर एयरपोर्ट को पिछले वर्ष रेड जोन घोषित किया गया है। नागर विमानन मंत्रालय एवं नागरिक उड्डयन महानिदेशालय तथा सुरक्षा एजेंसियों के निर्देशानुसार नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) को रेड जोन (नो ड्रोन फ्लाई जोन) घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि आम जन को यह सुझाव और चेतावनी जारी की जा रही है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ऊपर एवं आसपास के क्षेत्र में ड्रोन या किसी भी प्रकार के अनमैन्ड एरियल व्हीकल (यूएवी) उड़ाने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है।

यह प्रतिबंध एयरपोर्ट की सुरक्षा एवं वायु क्षेत्र की निगरानी को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया है। इस क्षेत्र में बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाना भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 1934 और यूएवी संचालन के नियमों के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा। उन्होंने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति, संस्था या समूह जो इस निर्देश का उल्लंघन करता हुआ पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसलिए उम्मीद की जाती है कि जेवर एयरपोर्ट के आसपास निर्धारित किए गए नियमों का उल्लंघन नहीं किया जाएगा। उल्लंघन करने वाले पर सख्त कार्यवाही होगी।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा शहर के पास जेवर में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) को लेकर पहले भी कई सख्त कदम उठाए गए हैं। जिला प्रशासन ने एयरपोर्ट के आसपास के गांवों में हो रहे अवैध निर्माणों की पहचान की है और उन्हें हटाने के लिए डिमोलिशन ऑर्डर जारी किए थे।

जेवर एयरपोर्ट के पास अवैध निर्माण करने वालों पर यमुना विकास प्राधिकरण व जिला प्रशासन सख्त कदम उठा रहा है।

## ई-रिक्शा लूटने वाले बदमाशों से मुठभेड़, दो को लगी गोली

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के थाना फेज-1 क्षेत्र में पुलिस और



बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। पुलिस का कहना है कि यह मुठभेड़ लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों के साथ हुई, जो सेक्टर 15 मेट्रो के पास ई-रिक्शा में सवारी बनकर जा रहे थे। एडीसीपी नोएडा ने बताया कि थाना फेज-1 क्षेत्र में बदमाशों ने ई-रिक्शा चालक को सुनसान इलाके में ले जाकर उसके साथ मारपीट की और लूटपाट की। बदमाशों ने चालक से ई-रिक्शा, मोबाइल और नकदी लूट ली। (शेष पृष्ठ-3 पर)

ADMISSION OPEN
SARASWATI GLOBAL SCHOOL
NCERT BOOKS
(Buy NCERT Books from any stationary shop)
Sector 22 Noida
Mob.8750611103

# पाक की साजिश

इसमें दो राय नहीं कि सीमा पार पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों की शह पर कट्टरपंथी ताकतों की साजिश के चलते पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, जो आतंकियों की हताशा को ही दर्शाता है। लेकिन पहलगाम का आतंकी हमला कश्मीरियों पर दोहरी मार है। इस हमले का कश्मीर के पर्यटन उद्योग पर घातक प्रभाव नजर आ रहा है। जिस तेजी से पर्यटक कश्मीर छोड़ रहे हैं और बाकी लोग अपनी अग्रिम बुकिंग रद्द करा रहे हैं, वह कश्मीरियों के लिये अप्रत्याशित है। शायद स्थितियां सामान्य होने में वर्षों लग जाएंगे। घाटी में रहने वाले लोग पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व कमी के कारण भारी नुकसान की आशंका जता रहे हैं। दरअसल, लंबे अंतराल के बाद कश्मीर के पर्यटन उद्योग के पटरी पर लौटने के बाद स्थानीय लोगों ने ऋण लेकर अपने कारोबार नये सिरे से खड़े किए थे। अब उन लोगों के सामने न केवल जीविका का संकट है बल्कि फिक्र है कि वे लिए गये कर्ज कैसे चुकाएंगे। उनकी आकांक्षा है कि घाटी में स्थितियां जल्दी से सामान्य हों। वहीं इस संकट का दूसरा पहलू अन्य राज्यों में रह रहे कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर है। निस्संदेह, पहलगाम की घटना ने पूरे देश को दुखी किया है। जैसे-जैसे आतंकियों के निर्मम हमले से जुड़ी कहानियां निकल रही हैं, समाज में तल्ख प्रतिक्रिया नजर आ रही है। कश्मीरी लोग आशंकित हैं कहीं इस आक्रोश से उपजे रोष का शिकार कश्मीर मूल के लोगों को न होना पड़े। निश्चित रूप से किसी भी सभ्य समाज में ऐसी कोई प्रतिक्रिया नहीं होनी चाहिए कि आतंकवादियों के कुकृत्यों का खमियाजा निर्दोष लोगों को भुगतना पड़े। यही वजह है कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन जैसे प्रमुख राजनेताओं ने कश्मीरियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जतायी है। ऐसे में केंद्र व राज्य सरकारों से उम्मीद की जा रही है कि वे विभाजनकारी तत्वों पर नकेल डालेंगे। निस्संदेह, इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि पहलगाम की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद पहली बार घाटी में आतंकवाद के खिलाफ मुखर प्रतिक्रिया सामने आई है। कश्मीर में सक्रिय रहने वाले राजनीतिक दलों, व्यापार निकायों और सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ ही आम लोगों ने भी पहलगाम हमले के दौरान हुई पर्यटकों की हत्या की निंदा की है। उन्होंने सीमा पार से आतंकवाद की पाठशाला चलाने वाले लोगों को सख्त संदेश दिया कि हमारे मामलों में तुम्हें फिक्र करने की जरूरत नहीं है। कश्मीर के लोगों ने साफ संदेश भेजा है कि ‘हमारे नाम पर नहीं।’ कश्मीरियों ने बताया कि उन्हें उन आतंकवादियों से किसी भी तरह की सहानुभूति नहीं है, जो मानवता के खिलाफ अपने अपराधों से कश्मीर के साथ-साथ इस्लाम को भी बदनाम कर रहे हैं। निस्संदेह, पहलगाम के क्रूर हमले के बाद पूरे देश में गुस्सा चरम पर है। ऐसे में राजनीतिक दलों और धार्मिक संगठनों को इस आक्रोश को बढ़ाने के बजाय इसे शांत करने का प्रयास करना चाहिए। देश के संघीय स्वरूप व सद्भावना की हर कीमत पर रक्षा की ही जानी चाहिए। पहलगाम की घटना के बाद तल्खी दिखा रहे लोगों को याद रखना चाहिए कि यह कश्मीरी टट्टूवाला सैयद आदिल हुसैन शाह ही था, जिसने बंदूकधारी आतंकवादियों से पर्यटकों को बचाने की कोशिश करते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी थी। एक बहादुर व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह हमलावर आतंकी से हथियार छीनने की कोशिश कर रहा था। कश्मीरियों के बारे में गलत धारणाओं को दूर करने के लिये उनके निस्स्वार्थ साहस और वीरता को व्यापक रूप से स्वीकार किया जाना चाहिए। बल्कि उनकी प्रशंसा की जानी चाहिए। एक कायरतापूर्ण आतंकी हमले के लिये पूरे राज्य के लोगों को दोषी ठहराना सांप्रदायिक सद्भाव को पलीता लगाने जैसा है, जो हमारे धर्मनिरपेक्ष सामाजिक ताने-बाने को नुकसान भी पहुंचा सकता है। हमें विगत में आतंकी हमले के लिए संप्रदाय विशेष को दोषी ठहराने के बाद हुई प्रतिक्रियाओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कोशिश हो घटनाक्रम के बाद उपजे शोर में समझदार आवाजें दब न जाएं।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि राजा की प्रीति देखकर और उनके अमूल्य वचन सुनकर करुणानिधान भगवान बोले- ऐसा ही हो। हे राजन! मैं अपने समान ( दूसरा ) कहाँ जाकर खोजूँ! अतः स्वयं ही आकर तुम्हारा पुत्र बनूँगा॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सतरूपहिं बिलोकि कर जोरें। देबि मागु बरु जो रुचि तोरें॥**
**जो बरु नाथ चतुर नृप मागा। सोइ कृपाल मोहि अति प्रिय लागा॥**

शतरूपाजी को हाथ जोड़े देखकर भगवान ने कहा- हे देवी! तुम्हारी जो इच्छा हो, सो वर माँग लो। (शतरूपा ने कहा-) हे नाथ! चतुर राजा ने जो वर माँगा, हे कृपालु! वह मुझे बहुत ही प्रिय लगा, ॥

**प्रभु परंतु सुठि होति ढिठाई। जदपि भगत हित तुम्हहि सोहाई॥**
**तुम्ह ब्रह्मादि जनक जग स्वामी। ब्रह्म सकल उर अंतरजामी॥**

परंतु हे प्रभु! बहुत ढिठाई हो रही है, यद्यपि हे भक्तों का हित करने वाले! वह ढिठाई भी आपको अच्छी ही लगती है। आप ब्रह्मा आदि के भी पिता (उत्पन्न करने वाले), जगत के स्वामी और सबके हृदय के भीतर की जानने वाले ब्रह्म हैं॥

**अस समुझत मन संसय होई। कहा जो प्रभु प्रवान पुनि सोई॥**
**जे निज भगत नाथ तव अहहीं। जो सुख पावहिं जो गति लहहीं॥**

ऐसा समझने पर मन में संदेह होता है, फिर भी प्रभु ने जो कहा वही प्रमाण (सत्य) है। (मैं तो यह माँगती हूँ कि) हे नाथ! आपके जो निज जन हैं, वे जो (अलौकिक, अखंड) सुख पाते हैं और जिस परम गति को प्राप्त होते हैं- ॥


(क्रमशः...)

# आतंकियों, उनके शरणदाताओं व आकाओं को देना होगा मुंह तोड़ जवाब

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसारन घाटी में घूमने के लिए आये हुए पर्यटकों से मंगलवार की दोपहर करीब 1 से 2 बजे के बीच धर्म पूछ कर हिंदू पर्यटकों की गोलीमार कर के निर्ममता से हत्या कर दी गयी। आतंकियों की गोलीबारी में अब तब 26 निर्दोष लोगों की मौत हो गई है और दो दर्जन से अधिक लोग घायल है। जिसके बाद से ही देश व दुनिया में भारत के अगले कदम के बारे में सोचकर के हड़कंप मचा हुआ है। इस घटना के बाद विदेश दौरे पर गये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपना दौरा बीच में छोड़कर के भारत वापस आ गये हैं। वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने खुद घटना स्थल पर जाकर दौर किया है। राजधानी दिल्ली से लेकर जम्मू-कश्मीर तक देश के शीर्ष नेतृत्व की हाईलेवल बैठकों का दौर जारी है। इस जघन्य घटना को अंजाम देने के ढंग पर ध्यान दें तो आतंकियों ने एक बार फिर से भारत की भूमि पर इजराइल हमले की व आईएसआईएस के हमलों की दर्दनाक यादों को दोहराने का काम किया है। सूत्रों के अनुसार इस जघन्य आतंकी घटना में मरने वाले लोगों में से दो स्थानीय, दो विदेशी के अलावा बाकी नागरिक देश के विभिन्न राज्यों के रहने वाले हैं, जिनके घरों में इस जघन्य घटना के बाद से ही कोहराम मचा हुआ है।

जिस तरह से जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल मंगलवार की दोपहर को अपने आकाओं के नापाक मंसूबों को पूरा करने के लिए पाकिस्तान परस्त देशी व विदेशी आतंकियों के एक समूह ने निहत्थे-निर्दोष पर्यटकों से उनका धर्म पूछ करके हिंदू होने पर उन लोगों की बेहद निर्ममता से हत्या की है, वह पाकिस्तान के इन भाड़े के पिट्ठुओं की इंसानियत को शर्मसार करने वाली बेहद ही कायराना व धूर्तता पूर्ण हरकत है। आतंकियों के द्वारा पर्यटकों से धर्म पूछना और हिंदू होने पर उन पर निर्दयता से गोली चलाना जघन्य नरसंहार के साथ-साथ बेहद ही संवेदनशील विषय है। नियम-कायदे कानून पसंद लोगों को लगता है कि यह सब आतंकियों की इस घटना के बाद देश में धार्मिक दंगा फ़साद करवाने की एक बहुत बड़ी गहरी सोची-समझी साज़िश भी हो सकती है। इसलिए देश व समाज हित में हम सभी लोगों को धार्मिक उन्माद के माहौल से बचना होगा।

हमें हमेशा याद रखना होगा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, लेकिन उसके बावजूद भी इस क्षेत्र में पिछले कई दशकों से पाकिस्तान आतंकवाद फैलाने का काम निरंतर कर रहा है। इस आतंकवाद के चलते भारतीय लोगों के लहू से बार-बार कश्मीर घाटी की धरती से लाल होती रहती है। घाटी के इस क्षेत्र से आतंकवाद समाप्त करना आज भी भारत सरकार के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती बना हुआ है। लेकिन अब वह समय आ गया है जब कश्मीर घाटी से आतंकियों की पूरी तरह से कमर तोड़ कर उसको समाप्त कर देना चाहिए। इसके लिए आतंकवाद के खिलाफ इस निर्णायक युद्ध में भारत सरकार को कश्मीर घाटी में अब बेहद सख्त कदम उठाने चाहिए। सरकार को आतंकियों की मज़हब के आधार पर मदद करने व पनाह देने वाले जिहादी और देशद्रोही लोगों के खिलाफ योगी मॉडल की तरह सख्त कार्रवाई करते हुए उनको जेल की सलाखों के पीछे भेज देना चाहिए। वहीं आतंकियों के आका पाकिस्तान को इजराइल की तरह सख्त जवाब देना चाहिए, तब ही देश में पाक परस्त आतंक पर आने वाले समय में लगाम लग सकती है।



**हमें हमेशा याद रखना होगा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, लेकिन उसके बावजूद भी इस क्षेत्र में पिछले कई दशकों से पाकिस्तान आतंकवाद फैलाने का काम निरंतर कर रहा है। इस आतंकवाद के चलते भारतीय लोगों के लहू से बार-बार कश्मीर घाटी की धरती से लाल होती रहती है।**

वैसे देखा जाए तो यह हमला एक बेहद ही सोची-समझी साज़िश है, क्योंकि जिस वक्त भारत में अमेरिकी के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस परिवार के साथ आये हुए हों और वहीं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी विदेशी दौरे पर गये हुए हों, ऐसी स्थिति में निहत्थे लोगों से धर्म पूछ-पूछ कर के हिन्दू पर्यटकों को चिन्हित करके उनकी गोली मारकर हत्या कर देना, झकझोर देने वाला एक बहुत ही बड़ा कायराना हमला है। यह हमला सनातन धर्मावलंबियों के साथ-साथ देश की एकता और अखंडता पर प्रहार करके उसको खंड-खंड करने का एक बहुत ख़तरनाक दुस्साहस है। हालांकि हमारे नीति-निर्माताओं को आतंकियों के खात्मे के लिए देश से उनके स्लीपर सेल व उनको पनाह देने वाले लोगों को चिन्हित करके उनको खत्म करना ही होगा, तब ही देश में हम व हमारी आने वाली पीढ़ी अमचैन से रह सकती है।

दुनिया में मिनी स्वीटजरलैंड के नाम से प्रसिद्ध कश्मीर घाटी में जिस तरह से धर्म पूछ-पूछ कर हिंदुओं की टारगेट किलिंग आये दिन होती रहती है, यह क्षेत्र की डेमोग्राफी में बदलाव करने की बहुत बड़ी साज़िश है, जिसका प्रभाव स्पष्ट रूप से अब वहां के धरातल पर नज़र भी आता है, यह क्षेत्र अब लगभग हिंदू विहीन हो चुका है। धारा 370 हटने के बाद इस क्षेत्र में हालात बेहतर होने के बाद भी भय के चलते ही कश्मीर घाटी के हिंदू अपने घरों में वापस आने के लिए तैयार नहीं हैं। सरकार के निरंतर प्रयासों के बावजूद भी इस क्षेत्र के हिंदू परिवार घाटी में वापस आकर रहने के लिए तैयार नहीं है और उनकी शंकाओं पर आये दिन हिंदुओं की टारगेट किलिंग की घटनाएं मौहर लगाने का काम करती हैं। हालांकि देश में मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद से ही जम्मू-कश्मीर के क्षेत्र में सरकार व सिस्टम की कार्यशैली में बड़ा बदलाव आया है, मोदी सरकार में आतंकियों के विरुद्ध स्वतंत्रतापूर्वक कार्रवाई करने का सकारात्मक बदलाव स्पष्ट रूप से नज़र आता है। लेकिन फिर भी कहीं ना कहीं मोदी सरकार के मंसूबों को घाटी में आशा के अनुरूप अभी तक सफलता नहीं मिली है, क्योंकि इस क्षेत्र के कुछ लोगों की जहरीली जिहादी सोच उसमें बहुत बड़ी बाधक है। आज भी उस जहरीली जिहादी सोच के चलते ही भारत व इंसानियत के सबसे बड़े दुश्मन आतंकियों को कश्मीर घाटी के कुछ घरों में पनाह मिल जाती है, हालांकि भारत सरकार इस स्थिति पर निरंतर पैनी नज़र रखें हुए हैं। लेकिन देश व समाज हित में अब वह समय आ गया है कि जब जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों में भी निवास करने वाले हर देशभक्त नागरिकों का कर्तव्य है कि वह मानवता के लिए बेहद घातक ऐसी जहरीली जेहादी मानसिकता की समय रहते हुए पहचान करके उनका डटकर के मुकाबला करें और स्थाई इलाज़ करें, आतंकवाद के मुद्दे पर हम सभी लोगों को एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर के एकजुट होना ही होगा। समय रहते इन जहरीले जेहादियों को सबक सिखाना पड़ेगा। वैसे भी हमें समय रहते विचार करना होगा जो व्यक्ति देश का नहीं हुआ, तो वह हम सभी सनातन धर्म के अनुयायियों का क्या होगा। मानवता की रक्षा के इस गंभीर विषय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह की जोड़ी को आतंकवाद के इस गंभीर समस्या का अब स्थाई समाधान करना चाहिए। मैं जघन्य नरसंहार में आतंकियों का निशाना बने लोगों के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान देकर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

**- दीपक कुमार त्यागी**
**अधिवक्ता, स्तंभकार व राजनीतिक विश्लेषक**

# एशिया-अफ्रीका मैत्री का प्रतीक बांडुंग

इंडोनेशिया का खूबसूरत शहर है बांडुंग... बांडुंग की जो चीज लोगों को सबसे ज़्यादा पसंद है, वह है शहर का ठंडा मौसम...शायद इस शहर की ठंडी तासीर ही थी कि शीत युद्ध की गर्मी के खिलाफ अफ्रीका और एशिया के देशों ने ठीक सत्तर साल पहले 1955 में यहां जुटान रखी और दो ध्रुवों में तब बंटी दुनिया की बजाय अपनी अलग राह चुनी। बीते 18 अप्रैल को इस शहर ने एशिया-अफ्रीकी संबंधों और आपसी सहयोग की नई नींव रखने की सतरवीं सालगिरह मनाई है। सत्तर साल पहले इस आयोजन को बांडुंग सम्मेलन कहा जाता है। इसी सम्मेलन के छह साल बाद 1 से 6 सितंबर, 1961 के बीच तत्कालीन यूगोस्लाविया की राजधानी बेलग्रेड में गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखी गई।

बांडुंग सम्मेलन को विशेष रूप से एशियाई-अफ्रीकी सम्मेलन के नाम से जाना जाता है। यहां के एक नागरिक पोपोंग ओत्जे जुंजुनन ने चीनी समाचार एजेंसी जिन्हुआ से उस सम्मेलन को विशेष रूप से याद करते हुए कहा कि 1955 में जब यह ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ था, तब बांडुंग आज के इंडोनेशिया से बिल्कुल अलग तरह का था। इस सम्मेलन में एशियाई-अफ्रीकी देशों ने उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद से मुक्ति की साझा भावना के साथ 29 देशों और क्षेत्रों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और नेता एकत्रित हुए थे। जिसकी अध्यक्षता इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो ने की थी और इसमें एशिया से 23 और अफ्रीका से 6 देश शामिल थे।

इस बीच इंडोनेशिया ने शिक्षा, अर्थव्यवस्था और परिवहन में प्रगति के माध्यम से पिछले सात दशकों में उल्लेखनीय प्रगति की है। इसी दौरान इंडोनेशिया-चीन सहयोग के चलते जकार्ता-बांडुंग हाई-स्पीड रेलवे चल रही है। जिसकी वजह से दोनों शहरों की दूरी अब चार घंटे की बजाय महज 30 मिनट में पूरी हो जाती है।

पोपोंग ने हाल ही में बांडुंग स्थित अपने घर पर शिन्हुआ को बताया, इसी बांडुंग सम्मेलन के बाद तकरीबन सभी देशों से उपनिवेशवाद ख़त्म हो गया है और अब एशियाई और अफ्रीकी देश आर्थिक और राजनीतिक रूप से अपना पुनर्निर्माण कर रहे हैं। वैश्विक विकास मानवीय संबंधों, विशेषकर सीमा पार संबंधों को लेकर इस सम्मेलन के देश आगे बढ़ रहे हैं। इसकी ही वजह से आज एशिया और अफ्रीका के देश नजदीक आ रहे हैं और उनकी आर्थिकी एक-दूसरे पर निर्भर करती है। बांडुंग में इस बार सिर्फ औपचारिक आयोजन हुआ। लेकिन बांडुंग अब एशिया और अफ्रीका के घने होते रिश्तों का प्रतीक बन गया है।




सम्मेलन के मुख्य सिद्धांत राजनीतिक आत्मनिर्णय, संप्रभुता के लिए परस्पर सम्मान, गैर-आक्रामकता, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना और समानता थे। ये मुद्दे सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए केंद्रीय महत्व के रहे, जिनमें से अधिकांश हाल ही में औपनिवेशिक शासन से उभरे थे। इन्हीं सिद्धांतों को गुटनिरपेक्षता की नीति के मुख्य उद्देश्यों के रूप में बाद में अपनाया गया था।

औपनिवेशिक डच ईस्ट इंडीज काल के दौरान बांडुंग का आधिकारिक नाम बांडोएंग था। बहरहाल बांडुंग भावना दक्षिण-दक्षिण सहयोग की भावना को प्रेरित करती है। इसे इस सम्मेलन के साठवीं सालगिरह पर आयोजित कार्यक्रम में एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के 100 से अधिक विकासशील देशों ने भाग लिया था। बांडुंग का महत्व यह है कि यहीं से एशिया और अफ्रीका के साथ लाने की पहल शुरू हुई थी। जैसे-जैसे अफ्रीका और एशिया के देश नजदीक आते जाएंगे, उनकी संस्कृतियां करीब आती जाएंगी, कारोबारी रिश्ते सुदृढ़ होते जाएंगे, वैसे-वैसे इस सम्मेलन का महत्व बढ़ता जाएगा।

**- उमेश चतुर्वेदी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं**

# राशिफल

**वैशाख कृष्ण पक्ष त्रयोदशी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
रोजाना मेडिटेशन करना आपके लिए अच्छा रहेगा। कुछ लोगों के वेतन या पॉकेट मनी में बढ़ोतरी मिलने के संकेत हैं।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आज आपको पढ़ाई या जरूरी प्रोजेक्ट को प्राथमिकता देने की सलह दी जाती है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आज निवेश का कोई लाभदायक अवसर आपके सामने आ सकता है। सोच समझकर और सलह के साथ ही आगे बढ़ें।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आज आपका साथी कोई पुराना मुद्दा उठा सकता है, जिससे जीवन में परेशानी बढ़ सकती है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आज किसी शुभ समाचार से परिवार में खुशियां आएंगी। कुछ लोगों के लिए ट्रिप पर जाने के योग हैं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आज कुछ लोगों को अपनी मेहनत के लिए तारीफ मिल सकती है। अपने रिश्ते को मजबूत करने के लिए आज ही कदम उठाएं।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आज पुराने निवेश से लाभ मिल सकता है। ऑफिस के दौरान सभी जरूरी रूल्स का पालन करें।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के लिए बेहतरीन अवसर नजर आ रहे हैं।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
किसी शादी या महत्वपूर्ण इवेंट में शामिल होने के लिए विदेश यात्रा का योग बन रहा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पैसों की प्रॉब्लम होने पर कोई दोस्त आपकी आर्थिक सहायता कर सकता है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आज जिसे आप पसंद करते हैं, उससे बात करने की आपकी कोशिश पूरी हो सकती है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
मौज-मस्ती भरी छुट्टियों पर कुछ जातकों का पैसा खर्च हो सकता है। डॉक्टर, वकील व बिजनेस करने वालों आज अच्छा प्रॉफिट हो सकता है।

# 'एक राष्ट्र एक चुनाव' लाएगा देश में बड़ा बदलाव : गीता शाक्य

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** 'एक राष्ट्र एक चुनाव' को लेकर जीएन ग्रुप शिक्षण संस्थान एवं अटल फाउंडेशन के द्वारा 25/04/25 को जीएन ग्रुप शिक्षण संस्थान में महिला एवं सामाजिक संगठन - संवाद सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमे महिला व सामाजिक संगठनों के व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने की कार्यक्रम की मुख्य वक्ता- श्रीमति गीता शाक्य ( राज्य सभा सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा उत्तर प्रदेश रहीं।



कार्यक्रम के शुरूआत में सभी ने पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा निहत्थे नागरिक शहीद हुए उन पुण्य आत्माओं की शान्ति के लिये दो मिनट का मौन कर प्रार्थना की। वन नेशन वन चुनाव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक राष्ट्र एक चुनाव हो उसके लिये लोगों के बीच जन जागरण चलाकर बताने की आवश्यकता है एक राष्ट्र एक चुनाव प्रशासनिक सुधार है जिससे एक ही समय में चुनाव होंगे तो उनसे चुनावों मे संसाधनों के लिये अरबों खरबों रुपये की बचत व समय दोनों की बचत होगी इससे राष्ट्र और अधिक आर्थिक रूप से मज़बूत होगा और भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेज़ी से बढ़ेगा उसके लिये सभी राजनैतिक दलों को साथ आना चाहिए इसके लिये सामाजिक संगठन और महिलाओं को आगे आकर एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय में लोगों को और अधिक जागरूक करने के काम लगे। जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन न केवल प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है बल्कि यह विकसित भारत 2047 के स्वप्न को साकार करेगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जीएन ग्रुप शिक्षण संस्थान बी के गुप्ता नगरपालिका अध्यक्ष गीता पंडित सुभास भाटी जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज सतेन्द्र नागर महिला मोर्चा अध्यक्ष रजनी तोमर मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य मंडल अध्यक्ष अर्पित तिवारी अर्पणा त्रिपाठी रवि जिन्दल राज नागर रामकुमार नागर दिनेश भाटी मनोज भाटी मनोज प्रधान राज़ीव सिंघल संजय भाटी सुनील रावत रणधीर राणा संगीता रावल मुकेश चौहान आदि दर्जनों सामाजिक संगठनों के सैकडों लोगों ने भाग लिया ।

# कांग्रेसियों ने पहलगाम में मारे गये लोगों को दी श्रद्धांजलि




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला कांग्रेस कमेटी कैंप कार्यालय बिसरख पर पहलगाम में शहीद हुए देशवासियों को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च निकालकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

जिला कांग्रेस कैंप कार्यालय बिसरख पर समस्त जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों की मौजूदगी में जिला कांग्रेस कैंप कार्यालय बिसरख से सुपरटेक इको विलेज वन सोसाइटी तक पैदल कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम में शहीद हुए हमारे अपनों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान उपस्थित आम जन व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद और देश के गद्दारों को को फाँसी दो जैसे नारों का उद्घोष करते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर ही नहीं वरन भारत गणराज्य पर हमला हुआ है यह बर्दाश्त के बाहर है हालाँकि यह केन्द्र सरकार की नाकामी, बदइंतजामी और ब ?बोलेपन का परिणाम है फिर भी कांग्रेस पार्टी संकट की इस घड़ी में सरकार के साथ है कड़ी से कड़ी कार्यवाही का इंतजार पूरा देश कर रहा है। श्रद्धांजलि कैंडल मार्च में मुकेश शर्मा, महाराज सिंह, धर्म सिंह, नीरज लोहिया, नीतीश चौधरी, रमेश बाल्मीकि, सुबोध भट्ट, सचिन शर्मा, ओमकार राणा, बिन्नू भाटी, गौरव वशिष्ठ, विपिन त्यागी, सचिन भाटी, रूपेश भाटी, मोहित बाल्मीकि, अमन छजलानी, सुनील शर्मा, राज सिंह, अमित कुमार, धीरा सिंह, दीपांशु सोनी आदि लोग मौजूद थे।

## आतंकवाद का खात्मा जरूरी: कुँवर बिलाल बर्नी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कुँवर बिलाल बर्नी ने आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। उन्होंने सरकार से मांग की है कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए कड़े से कड़े कदम उठाए जाएं ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी वीभत्स घटना करने की भी सोचें।

कुँवर बिलाल बर्नी ने कहा कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने होंगे। आतंकवादियों को बीच चौराहे पर खड़ा करके उन्हें मौत के घाट उतारना चाहिए। सभी देशवासियों को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होना जरूरी है। हमें आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के लिए एकजुट होकर काम करना होगा और सरकार को भी कड़े कदम उठाने होंगे।

# बीएचईएल कम्पनी पर तीसरे दिन भी सीटू का धरना प्रदर्शन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बी.एच.ई.एल. के प्रबंधन होश में आओ-काम से रोके गए सभी श्रमिकों को काम पर वापस लो! बीएचईएल के प्रबंधन होश में आओ- मजदूरों से मत टकराओ! बीएचईएल के प्रबंधन होश में आओ- श्रम आयुक्त केंद्रीय द्वारा लिखित में दिए गए सुझावानुसार वेतनमान लागू करो! बीएचईएल के प्रबंधन होश में आओ- संस्थान में कार्यरत श्रमिकों के नाम मास्टर रोल पर दर्ज करो।

नोएडा में भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड प्लॉट नंबर-25 सेक्टर-16 ए फिल्म सिटी नोएडा कम्पनी के समक्ष कांन्ट्रेक्ट लेबर इम्पलाईज यूनियन सीटू के बैनर तले कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा।

धरना प्रदर्शन को सीटू जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, महासचिव रामसागर ने संबोधित किया और श्रमिकों को हो रहे उत्पीड़न को रेखांकित करते हुए श्रमिकों से एकजुट रहकर अपने हक अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही मजदूर विरोधी लेबर कोड़ों को रद्द करवाने की मांग पर 20 में 2025 को होने वाली हड़ताल की तैयारी में जुट जाने की अपील किया।

वहीं चल रहे धरना-प्रदर्शन का क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केंद्रीय) हरि ओम गौतम द्वारा संज्ञान लेकर 28 अप्रैल 2025 को समस्या का समाधान के लिए दोनों पक्षों को अपने कार्यालय ए-49, सेक्टर-62 नोएडा पर बुलाकर वार्ता करवाने का आश्वासन यूनियन को दिया और यूनियन को परामर्श देते हुए अनुरोध किया की संस्थान पर चल रहे धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया जाए।

# मलेरिया रोकथाम के प्रति किया जागरूक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद गौतम बुद्ध नगर में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा निर्धारित थीम 'मलेरिया हमारे साथ- पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जीवन' के तहत जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों—जेवर, दादरी, बिसरख एवं दनकौर में रैली निकालकर जनता को मलेरिया की रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, रूपवास, खानपुर, जेवर खादर एवं बिसरख ग्रामों में गोष्ठियों के माध्यम से मलेरिया उन्मूलन संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा द्वारा राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पैरामेडिकल छात्रों को मलेरिया की रोकथाम व बचाव के प्रति संवेदीकृत किया गया।

उन्होंने बताया कि मलेरिया मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलने वाला रोग है, जो रुके हुए साफ पानी में पनपता है। इसके सामान्य लक्षणों में ठंड लगकर बुखार आना, सिर दर्द, पेट दर्द व उल्टी शामिल हैं। जनपद में जनवरी से अप्रैल 2025 तक कुल 41,847 मलेरिया जांचें की गईं, जिनमें केवल 1 मामला धनात्मक पाया गया है।

उन्होंने जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे मलेरिया से बचाव के लिए अपने घर व आसपास जल जमाव न होने दें। प्रत्येक रविवार को 'ड्राई डे' के रूप में मनाते हुए कूलर, फ्रिज की ट्रे, गमलों एवं अन्य जल संग्रहण स्थलों की सफाई करें। मच्छरदानी का उपयोग करें एवं बुखार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सक से परामर्श लें।

# ग्रेटर नोएडा में व्यापारियों ने निकाला कैंडल मार्च




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पहलगाम में हुए हमले में मारे गए भारतवासियों की आत्मा की शांति के लिए एक कैंडल मार्च पुलिस चौकी जगत फार्म के पास से निकाला गया।

यह एक बहुत ही दुखद घटना है कि हिन्दुस्तानी भाइयों को धर्म पूछ पूछ कर गोली मारी गयी जिसका सभी व्यापारी पूर्ण रूप से विरोध करते हैं ।

कैंडल मार्च में अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह, राजू बैसला, मुकुल गोयल, सुकेंद्र यादव, हरेंद्र भाटी, चेतन शर्मा, उमेश उपाध्याय, गर्वित गोयल, तरंग तायल, निखिल गर्ग, अमित कुमार, विकास गर्ग, पीयूष गर्ग, पंकज कुमार, दीपक मंडल, पुनीत शर्मा, प्रदीप गुप्ता, सहदेव, जितेंद्र विधूड़ी, नितिन, चिंटू जैन, नीतेश रावल आदि मौजूद रहे।

# 'आयुर्वैदिक धीमा पर कारगर उपचार'



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** आयुर्वैदिक उपचार अत्यधिक कारगर है उपचार की इस पद्धति को धीमा मानना गलत है। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान दिल्ली के डीन प्रो. महेश व्यास ने यह बात आयोजित एक कार्यक्रम में कही।

ज्ञात हो कि भारतीय धरोहर विचार मण्डल, ग्रेटर नोएडा के द्वारा नि:शुल्क आयुर्वैदिक हक्क्ष का उद्घाटन आज ग्रीन हाउस गार्डन सेंटर, स्वर्ण नगरी में विधिपूर्वक यज्ञ करने के उपरांत हुआ। इस केंद्र में प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शनिवार को अनुभवी वैद्य द्वारा सब प्रकार के साध्य असाध्य रोगों का आयुर्वैदिक उपचार किया जायेगा।

कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और भारतीय धरोहर के महामंत्री विजय शंकर तिवारी ने भी अपने विचार रखे।

आयोजन में भारतीय धरोहर विचार मण्डल, ग्रेटर नोएडा के अध्यक्ष नरेश कुमार गुप्ता, संरक्षक कुलदीप शर्मा, ओ. पी. अग्रवाल, महामंत्री प्रमोद चौहान, कोषाध्यक्ष कपिल शर्मा, भारतीय धरोहर के संरक्षक संजय सूदन, महेश गुप्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक सुशील अग्रवाल और जिला प्रचारक गौरव मूसला, विभाग संपर्क प्रमुख सुरेन्द्र चौहान, विभाग शारीरिक प्रमुख अनुज खरव , संयुक्त मंत्री शरद त्यागी,मनोज सिंघल, नवनीत गुप्ता, शिखर गुप्ता, रामावतार अग्रवाल, मुकुल गोयल, सरोज तोमर भी उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**6 आतंकियों के घर....**

पुलवामा में आतंकी का घर ध्वस्त करने से पहले पहलगाम हमले में शामिल स्थानीय आतंकी आदिल हुसैन थोकर के अनंतनाग जिले के बिजबेहरा के गोरी इलाके में स्थित घर को सुरक्षा बलों ने बम से उड़ा दिया गया था।

**लड़की के प्यार में ....**

तीन साथियों के साथ मिलकर वारदात की।

कपिल का शव बृहस्पतिवार सुबह करीब पांच बजे मेंडू रेलवे स्टेशन के निकट दो बोरों में बंद मिला था। मृतक के पिता डोरीलाल ने चेयरमैन के भतीजे सहित चार के खिलाफ घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस पूछताछ में 12वीं के छात्र ने बताया कि वह साथ में पढ़ने वाली एक लड़की से प्यार करता है और कपिल भी उससे प्यार करता है।

कपिल ने कई बार उसे धमकी दी थी। दो-तीन दिन पहले भी उसे व उसके पिता को धमकी दी और गाली गलौज की। इसके बाद उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। पुलिस के अनुसार, छात्र के पिता मेंडू स्टेशन के पास मकान बनवा रहे हैं। छात्र और उसके दोस्तों ने बुधवार रात करीब साढ़े 10 बजे शराब पार्टी के बहाने कपिल को मकान पर बुलाया और शराब पी।

इस दौरान भी इनके बीच लड़की को लेकर बहस हुई। कपिल को नशा हो गया तो मकान में रखी आरी से उसका गला काट दिया। इससे पहले सरिये से भी उसे पीटा गया। उसके बाद शव को बोरे में बंद कर रेलवे लाइन के किनारे कच्चे रास्ते पर फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आरी, रक्तरंजित लोहे की सरिया, धातु का के टुकड़े और शराब की बोतल बरामद कर ली है।

अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि दो बाल अपाचारी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। घटना में शामिल इनके दो दोस्तों की तलाश की जा रही है।

**ई-रिक्शा लूटने वाले ....**

इस घटना के बारे में सूचना मिलते ही थाना फेज-1 पुलिस सक्रिय हो गई और चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने मामला संदिग्ध जानकर एक ई-रिक्शा को रुकवाने की कोशिश की, लेकिन उस पर सवार बदमाशों ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की।

इस दौरान बदमाशों का ई-रिक्शा नाले की ओर पलट गया और खुद को घिरता देख उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिससे दो बदमाश, विकास और आजाद घायल हो गए। वहीं, तीसरे आरोपी सरताज को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। इस मुठभेड़ के बाद पकड़े गए आरोपियों से नोएडा पुलिस पूछताछ में जुटी हुई है।

# शिक्षक देंगे 1 मई को धरना

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष मेघराज भाटी एवं जिला अध्यक्ष प्रवीन शर्मा के निर्देशन के अनुपालन में बिसरख ब्लाक कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक कंपोजिट विद्यालय निठारी में की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला संगठन मंत्री शशि मिश्रा ने की।



ब्लॉक अध्यक्ष बिसरख स्मिता सिंह ने सभी पदाधिकारी को अवगत कराया कि 1मई को पुरानी पेंशन बहाली, अंतर्जनपदीय एवं अर्न्तजनपदीय स्थानांतरण, चयन वेतनमान, पदोन्नति, मानव संपदा पोर्टल पर त्रुटियों का संशोधन आदि मांगों को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना किया जाएगा। सभी साथियों के साथ मिलकर धरने को सफल बनाने हेतु रणनीति बनाई गई एवं सभी को संपर्क हेतु जिम्मेदारियां सौंपी गई। सभी शिक्षकों को धरने में आने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक का संचालन ब्लॉक मंत्री मीना यादव ने किया।

बैठक में संगठन मंत्री शशि मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष बिसरख स्मिता सिंह, ब्लॉक मंत्री मीना यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीमा तिवारी, कोषाध्यक्ष सीमा वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष प्रिया केला, अपर्णा मिश्रा ,लता पाठक ,सरताज अहमद, संगठन मंत्री सुमनानजलि, अनुबाला कटारिया, गुलशन, शिप्रा पाठक, प्रचार मंत्री सुनीता कुमारी, गीताअगरतानिया, आशा अरुण तोमर, मुनेश कुमारी, ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य रश्मि पांडे, सुधा सिंह, कमल खन्ना, चंद्रशेखर गोयल, कुसुम लता शर्मा,करुणा अग्रवाल, पूनम खन्ना, अंजना, किरण, सरोजबाला आदि ने प्रतिभाग किया।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# जेवर व दनकौर में निकली शिक्षकों की भर्ती

**नोएडा ( चेतना मंच )।** शासन के निर्देशों के अनुपालन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार ने जानकारी दी है कि परिषदीय शिक्षकों के लिए जेवर एवं दनकौर में ए.आर.पी के रिक्त पदों पर चयन किया जाना है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जेवर एवं दनकौर में हिंदी विषय के 01, सामाजिक विज्ञान के 02, गणित के 01 तथा अंग्रेजी विषय के 01 ए.आर.पी. पदों के लिए योग्य परिषदीय अध्यापकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

इच्छुक शिक्षक दिनांक 05 मई 2025 तक सायं 5:00 बजे तक अपना आवेदन डाक, व्यक्तिगत रूप से अथवा ईमेल (bsagbn@gmail.com) के माध्यम से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।



# खास खबर

## साओ पाउलो में मिली डायनासोरों के जमाने की चींटी

साओ पाउलो। वैज्ञानिकों को ब्राजील के उत्तर-पूर्वी हिस्से में 113 मिलियन साल पुरानी चींटी का जीवाश्म मिला है। वैज्ञानिक का दावा है कि यह अब तक की सबसे पुरानी चींटी है और इसका नाम हेल ऐंट हैं। ये डायनासोरों के जमाने में जिंदा थीं। इस चींटी का मुंह ऊपर की ओर खुलता था और दांत दरांती जैसे दिखते थे। वे इनका इस्तेमाल शिकार को पकड़ने या चुभोने में करती थी। अब तक की सबसे पुरानी चींटियां फ्रांस और म्यांमार में एम्बर में पाई गई थीं, लेकिन यह पहली बार है जब किसी चींटी का जीवाश्म चट्टान में मिला है। वैज्ञानिकों ने इस चींटी का माइक्रो-सीटी स्कैन किया, जिससे अंदरूनी बनावट पता चली। चींटी के जबड़े सामने की तरफ चलते थे न कि साइड की तरफ जैसे आज की चींटियों में होता है। वैज्ञानिकों ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि कुछ अलग मिलेगा, लेकिन इस चींटी की बनावट ने हमें चौंका दिया। इतने पुराने समय में इतनी जटिल संरचना होना हैरान करने वाला है।

## यूसीसी के खिलाफ कई संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन

**नैनीताल**। समान नागरिक संहिता कानून के विरोध में शुक्रवार को कई राजनितिक और सामाजिक संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने यूसीसी को आम जनभावनाओं और उनकी निजी जिंदगी के खिलाफ बताते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार उत्तराखंड में लोगों पर जबरन यूसीसी थोप रही है। प्रदर्शन करने वालों में नैनीताल पीपुल्स फोरम, उत्तराखंड वन पंचायत संघर्ष मोर्चा, उत्तराखंड महिला मंच, सेंटर फॉर स्ट्रगलिंग ट्रेड यूनियंस, इंकलाबी मजदूर केंद्र, क्रान्तिकारी लोक अधिकार संगठन, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र, परिवर्तनकामी छात्र संगठन, महिला किसान अधिकार मंच उत्तराखंड, उत्तराखंड सर्वोदय मंडल आदि ने विरोध प्रदर्शश्न किया। पीसी तिवारी, इंद्रेश मैखुरी, दिनेश उपाध्याय आदि ने सभा में अपने-अपने विचार रखे।

## कोरियोग्राफी टीम के सदस्य की नदी में डुबने से मौत

**मुंबई** । रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी की कोरियोग्राफी टीम के एक सदस्य की नदी में डूबने से मौत हुई है। 26 साल के डांसर का नाम सौरभ शर्मा था। डांसर सतारा जिले की कृष्णा नदी में डूब गया। पुलिस ने बताया कि कोरियोग्राफर गाने की शूटिंग खत्म होने के तुरंत बाद डूब गया। दो दिन बाद गुरुवार सुबह उसकी बॉडी मिली। रिपोर्ट के मुताबिक, घटना मंगलवार शाम की है। सतारा जिले के एक गांव में कृष्णा नदी के पास शूटिंग चल रही थी। एक गाने का शूट था जिसमें रंग उड़ाने थे। शूटिंग खत्म होने के बाद सौरभ नदी में हाथ धोने चले गए। हाथ धोने के बाद वे नदी की गहराई में तैरने के लिए उतरे और तेज धार में बह गए। डांसर के न मिलने पर पुलिस और जिला प्रशासन को सूचना दी गई थी। इसके बाद रेसक्यू टीम और कुछ निजी संस्थाओं ने सर्च ऑपरेशन में मदद की। मंगलवार रात में अंधेरा होने के बाद सर्च ऑपरेशन बंद कर दिया गया था। सतारा पुलिस स्टेशन में एक्सीडेंटल डेथ का केस फाइल किया है। राजा शिवाजी फिल्म मराठी-हिंदी मूवी है। यह छत्रपति शिवाजी की जिंदगी पर आधारित है।

# एलओसी पर सेना का अभियान तेज एक आतंकी ढेर, दो जवान घायल

एजेंसी

**जम्मू**। पाकिस्तान की ओर से लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर फायरिंग की गई, जिसका इंडियन आर्मी ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। वहीं, बांडीपोरा में भी सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गया। इसके अलावा पहलगाम हमले के संदिग्ध आतंकवादियों के खिलाफ एक्शन शुरू कर दिया गया है। कुख्यात आतंकवादी आदिल शेख के घर बुलडोजर चलाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिथिला की धरती से साफ शब्दों में कहा कि जिन्होंने इस हमले को अंजाम दिया है, उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा।



इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी कहा था कि आतंकवादियों और उनके हिमायतियों को इस हमले का परिणाम भुगतना होगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर पंजाब के अटारी, हुसैनीवाला और सादकी में रिट्रीट सेरेमनी के दौरान होने वाले औपचारिक प्रदर्शन का पैमाना कम करने का फैसला लिया गया है। सीमा सुरक्षा बल के पंजाब फ्रंटियर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अटारी-वाघा सीमा पर रिट्रीट समारोह में भारतीय गार्ड कमांडर और पाकिस्तानी गार्ड कमांडर के बीच प्रतीकात्मक हाथ मिलाने की परंपरा बंद की जाएगी। इसके अलावा समारोह के दौरान गेट भी बंद रहेंगे। बीएसएफ ने कहा कि यह कदम सीमा पार शत्रुता पर भारत की गंभीर चिंता को दशार्ता है और यह पुष्टि करता है कि शांति और उकसावा साथ-साथ नहीं चल सकते ।कांग्रेस सांसद द्वारा अमेरिका की आधिकारिक यात्रा बीच में छोड़कर गुरुवार सुबह नई दिल्ली लौटने के बाद यह दौरा तय किया गया है। इससे पहले गुरुवार को केंद्र सरकार ने सुरक्षा स्थिति पर विचार-विमर्श करने और हमले का जवाब तैयार करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। इस आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकवाद को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े जवाबी कदम उठाए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को तब तक स्थगित रखने का फैसला किया।

# राइस मिल का ड्रायर फटा पांच मजदूरों की मौत



एजेंसी

**बहराइच**। उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच में आज सुबह एक राइस मिल का ड्रायर फटने से हुए हादसे में पांच मजदूरों की जान चली गई। यह मजदूर बिहार और उत्तर प्रदेश के बताए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर शोक संवेदना प्रकट की है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य और घायलों को बेहतर इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि, जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय मिल में 8-10 मजदूर काम कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी मजदूर लवकुश ने बताया कि दरगाह थाना इलाके के मोहल्ला गुलाम अलीपुरा स्थित राजगढ़िया राइस मिल में वह कम करता है। आज धान सुखाया जा रहा था, इसी दौरान ड्रायर फट गया। आग लग गई तो हम सब उसे बुझाने लगे। तभी धुआं भरने से एक-एक करके पांच मजदूर बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया। उनमें बिहार के बिद्धू शाह (30), उत्तर प्रदेश के कन्नौज निवासी गफ्फार अली, बबलू, रजनेश कुमार और श्रावस्ती निवासी जहूर शामिल हैं। तीन अन्य लोगों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है । जिला अस्पताल के सीएमएस एमएम त्रिपाठी ने बताया कि दम घुटने से बेहोश हुए 8 लोगों को जिला अस्पताल लाया गया।

# सेना प्रमुख ने पहुंचे श्रीनगर, मौजूदा हालात की ली जानकारी

एजेंसी

**श्रीनगर**। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को श्रीनगर पहुंचे। यहां सेना के कमांडर्स ने जनरल द्विवेदी को हालात और आतंकियों के खिलाफ सेना द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। सेना प्रमुख को एलओसी के मौजूदा हालात की भी जानकारी दी। बता दें शुक्रवार सुबह एलओसी पर पाकिस्तान की ओर से कुछ जगहों गोलीबारी हुई। भारतीय सेना ने इसका जवाब भी दिया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर आर्मी चीफ का यह दौरा काफी अहम है। भारतीय सेना प्रमुख यहां सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए शुक्रवार को श्रीनगर का यह दौरा कर रहे हैं। इस दौरान वह



महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों पर जाएंगे। आर्मी चीफ की इस विजिट में उन्हें आतंकवादियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी दी जा रही है। जम्मू कश्मीर में तैनात भारतीय सेना के टॉप कमांडर्स आर्मी चीफ को सैन्य संरचनाओं की भी जानकारी देंगे। आर्मी चीफ कश्मीर घाटी और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बलों द्वारा किए गए आतंकवाद विरोधी उपायों की भी जानकारी ले रहे हैं। आर्मी चीफ की इस विजिट के दौरान सेना की 15 कोर के कमांडर और राष्ट्रीय राइफल्स के अन्य कमांडर मौजूद थे। सेना प्रमुख अवंतीपोरा में विक्टर फोर्स के मुख्यालय का दौरा करेंगे। यह सेना का एक डिवीजन है जो दक्षिण कश्मीर में ऑपरेशन का प्रभारी है। सेना प्रमुख को मौजूदा ऑपरेशन की स्थिति और निकट भविष्य के लिए तैयार किए जा रहे सुरक्षा तंत्र के बारे में जानकारी दी जाएगी। जनरल द्विवेदी श्रीनगर में चिनार कोर के मुख्यालय का भी दौरा करेंगे। यहां वे उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल सुचेंद्र कुमार और 15 कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव से साथ बैठक करेंगे। बैठक में व्यापक सुरक्षा समीक्षा की जाएगी तथा सैन्य योजनाओं व जरुरी बदलावों पर चर्चा की जा सकती है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से सेना ने इलाके में आतंकवादियों के खिलाफ सघन अभियान चला रखा है। बता दें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने मंगलवार को पर्यटकों पर गोलियां बरसाई थीं।

## एलओसी पर रात में भारत ने किया सैन्य अभ्यास

**नई दिल्ली**। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बन गए हैं। इस बीच भारतीय वायुसेना ने बीती रात कश्मीर में अभ्यास किया। ये अभ्यास श्रीनगर रनवे से कश्मीर में एलओसी तक के इलाके में किया गया। भारतीय सेना ने आक्रमण नाम से सैन्य अभ्यास शुरू किया है। इस बीच एलओसी पर रात में पाकिस्तान ने कई जगहों पर गोलीबारी की। इसके जवाब में भारत की ओर से भी गोलीबारी की गई। उधर, पाकिस्तान की सेना ने अपने जवानों की छुट्टी रद्द कर दी है। भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को खुले तौर पर पहलगाम हमले के बाद आतंकवादियों को चुन-चुन कर मारने की बात कही थी। पीएम के संदेश के बाद पाकिस्तान डरा हुआ है। भारतीय सेना पूरी तरह तैयार है।

# फ्रांस के स्कूल में छात्र ने अन्य छात्रों पर चाकू से किया हमला, एक की मौत

एजेंसी

**पेरिस**। पश्चिमी फ्रांस के नांतेस (नांत) में एक हाई स्कूल का छात्र चाकू लेकर स्कूल पहुंच गया। इसके बाद उसने कम से कम चार छात्रों को चाकू मार कर घायल कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को हमले में गंभीर घायल एक छात्र की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस के पहुंचने से पहले ही शिक्षकों ने हमलावर छात्र को पकड़ लिया था। हमलावर हाई स्कूल का छात्र है, जिसे हिरासत में ले लिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक ने एडोल्फ हिटलर के प्रति प्रशंसा व्यक्त की थी। कई कक्षाओं में हमले करने के बाद शिक्षकों ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने उसकी मनोवैज्ञानिक जांच के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। छात्र ने हमले से ठीक पहले अन्य छात्रों को ईमेल भेजा था। रिपोर्ट में बताया गया है कि जांच करने वाले मनोचिकित्सक ने बताया कि संदिग्ध छात्र का स्वास्थ्य पुलिस हिरासत के लिए ठीक नहीं है। फ्रांस को झकझोर देने वाली नई घटना में हमलावर ने पश्चिमी शहर नांतेस के नोट्रे-डेम डे टाउट्स-आइडेस ग्रामर स्कूल में साथी छात्रों पर चाकू से हमला किया। फ्रांस के आंतरिक मामलों के मंत्री ब्रूनो रेटायो ने करीब 50 जांचकताओं को जांच में लगाया है। फ्रांस के पीएम फ्रेंकोइस बायरू ने हमले के बाद स्कूलों के आसपास और अंदर नियंत्रण बढ़ाने को कहा है। साथ ही आगे चाकू से होने वाले हमलों को रोकने के प्रस्ताव भी मांगे हैं।

# पाकिस्तान को सख्त और निर्णायक जवाब दिया जाए : ओवैसी

एजेंसी

**हैदराबाद**। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्र सरकार की प्रतिक्रिया का समर्थन करते हुए कहा है कि अब वक्त आया गया है कि पाकिस्तान को सख्त और निर्णायक जवाब दिया जाए। उन्होंने सिंधु जल संधि को निलंबित करने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे साहसिक कदम बताया। साथ ही उन्होंने सरकार से सवाल पूछा कि अगर हम पाकिस्तान को पानी नहीं देंगे तो उसे कहां स्टोर करेंगे। ओवैसी ने कहा कि हमलों के दौरान लोगों से उनका धर्म पूछकर गोली मारी गई। ये सामान्य आतंकवाद नहीं, सांप्रदायिक हिंसा है। उन्होंने कश्मीरियों और घाटी के छात्रों के खिलाफ झूठा प्रचार बंद करने की अपील की। साथ ही जोर देकर कहा कि आतंकवादियों की कड़ी निंदा जरूरी है, लेकिन निर्दोष लोगों को निशाना बनाना सही नहीं है। ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवादी संगठनों को शरण देता है, सरकार को अब बिना किसी संकोच के कार्रवाई करनी चाहिए। ओवैसी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून भारत को आत्मरक्षा में वायु और समुद्री नाकेबंदी करने का अधिकार देता है और भारत को हथियारों की बिक्री पर प्रतिबंध जैसे कठोर कदम भी उठाने चाहिए।

## रुद्रपुर हल्द्वानी मार्ग बंद, लोग हुए परेशान

**रुद्रपुर**। रेलवे फाटक की मरम्मत के चलते रुद्रपुर हल्द्वानी मार्ग बंद कर दिया था। रुद्रपुर से हल्द्वानी और पहाड़ी क्षेत्रों में जाने वाले वाहनों को वाया लाल कुआं होते हुए भेजा गया। मार्ग सुबह 8 बजे से बंद कर दिया गया था। जो रात तक बंद रहेगा। शुक्रवार को टांडा तिराहे से सीपीयू और पुलिस ने हल्द्वानी जाने वाले वाहनों को वाया लालकुआं होते हुए भेजा। इस दौरान लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा। हल्द्वानी से रुद्रपुर सिडकुल आने वाले सैकड़ों कर्मियों को वाया लालकुआं होते हुए आना पड़ा। इस दौरान उन्हें लोगों को ज्यादा किराए का भुगतान करना पड़ा।

# पानी के लिए पाकिस्तान में मचा हाहाकार

एजेंसी

**इस्लामाबाद**। भारत ने आधिकारिक तौर पर सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की सूचना पाकिस्तान को दी। भारत ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से लगातार सीमा पार आतंकवाद, खासकर पहलगाम हमले, ने संधि की शर्तों को तोड़ा है। हालांकि, भारत ने यह साफ नहीं किया कि नदियों का पानी रोका गया है या नहीं। लेकिन पाकिस्तान में पानी को लेकर आपस में लड़ाई देखी जा रही है। पाकिस्तान में पानी के बंटवारे को लेकर अपने ही राज्यों के बीच जंग छिड़ गई है, खासकर नए नहर प्रोजेक्ट पर तीखा विवाद चल रहा है। भारत के जल संसाधन सचिव देबाश्री मुखर्जी ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष



सैयद अली मुर्तजा को पत्र लिखकर कहा, ह्यपाकिस्तान का लगातार सीमा पार आतंकवाद, खासकर जम्मू-कश्मीर में, भारत की संधि के तहत अधिकारों को बाधित कर रहा है ह्व यह फैसला बुधवार को लिया गया, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने पहलगाम हमले के जवाब में पांच बड़े कदमों को मंजूरी दी। इनमें अटारी सीमा बंद करना, सार्क वीजा छूट रद्द करना और दोनों देशों के दूतावासों में कर्मचारियों की संख्या घटाना शामिल है। भारत के इस कदम ने पाकिस्तान में हड़कंप मचा दिया है। हालांकि, भारत ने अभी पानी का बहाव रोका भी नहीं है, लेकिन पाकिस्तान में पानी के बंटवारे को लेकर पहले से ही तनाव है। नए नहर प्रोजेक्ट पर शहबाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन और बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी के बीच गहरा विवाद चल रहा है। शहबाज शरीफ ने पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी के साथ इस्लामाबाद में बैठक की और ऐलान किया कि जब तक काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट्स में सहमति नहीं बनती, कोई नई नहर नहीं बनेगी। पाकिस्तान के राज्य नहीं चाहते कि नहर से उनका पानी दूसरे प्रांतों में जाए। आलम ये है कि सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने नहर प्रोजेक्ट रुकने को ह्यसिंध की जीतह्व बताया और कहा, ह्यजब तक पीपीपी सत्ता में है, सिंध का एक बूंद पानी नहीं जाएगा ह्व पीपीपी ने सिंध में तीन दिन तक जश्न और रैलियों का ऐलान किया है।

# पाकिस्तान में घुसकर मारो, हम हर हाल में भारत का साथ देंगे : बॉब ब्लैकमैन

एजेंसी

**लंदन**। जम्मू-कश्मीर के पाहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए ब्रिटेन स्थित भारतीय उच्चायोग में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान ब्रिटेन के कई सांसद और बड़ी हस्तियां भी शामिल हुईं। सभा में बोलते हुए ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने भारत के समर्थन में एक सशक्त और भावनात्मक बयान दिया। उन्होंने कहा कि जो भी कदम भारत सरकार इस हमले के बाद उठाना उचित समझे झ्र चाहे वह सैन्य कार्रवाई ही क्यों न हो झ्र उन्हें उसका पूरा समर्थन है। उन्होंने कहा



कि भारत अगर पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई करता है तो भी पूरा समर्थन रहेगा। ब्लैकमैन ने कहा, हम यहां दुख साझा करने आए हैं। जब आतंकी हमला करता है, तो वह पूरी मानवता के दिलों पर हमला करता है। यह हमला धार्मिक आधार पर नफरत को दशार्ता है, और इसे कतई सहन नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस मुद्दे को ब्रिटिश संसद (हाउस ऑफ कॉमन्स) में उठाया और सरकार से आग्रह किया कि वह भारत के प्रति अपना समर्थन स्पष्ट रूप से जताए। उन्होंने जोर देते हुए कहा, मेरी व्यक्तिगत राय में, भारत जो भी कदम आतंकियों और उनके समर्थकों के खिलाफ उठाएगा, हमें उसका समर्थन करना चाहिए। अगर आतंकियों को न्याय के कटघरे में नहीं खड़ा किया जा सकता, तो उन्हें खत्म कर दिया जाना चाहिए। मेरी उम्मीद है कि ब्रिटेन के सभी राजनीतिक दल भारत के साथ खड़े होंगे, चाहे वह कार्रवाई एलओसी के पार सैन्य रूप में ही क्यों न हो।

## 5 हजार चीटियों के साथ दबोचे गए दो युवा

**नैरोबी**। केन्या में चीटियों की तस्करी से जुड़ा एक मामला सामने आया है। यहां पुलिस ने बेल्जियम के दो युवाओं को हजारों चीटियों के साथ गिरफ्तार किया है, इन चीटियों की कीमत करीब 9,200 डॉलर बताई जा रही है। कथित तौर पर इनको तस्करी करके यूरोपीय और एशियाई बाजारों में ले जाया जाना था। पुलिस ने इन युवाओं को गिरफ्तार करके जज के सामने पेश किया।केन्या के मुख्य एयरपोर्ट पर बैठी कोर्ट में जज नजेरी थुकू ने कहा कि वह इस मामले में कोई जल्दबाजी नहीं करेंगी, लेकिन 7 मई को सजा सुनाने के पहले इसके पर्यावरणीय प्रभाव और लड़कों की साइक्लॉजिकल स्थितियों की रिपोर्ट देखेंगीं।

# अमेरिका ने की हमले की कड़ी निंदा

एजेंसी

**वाशिंगटन**। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस से शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पाकिस्तानी पत्रकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा तनाव को लेकर सवाल पूछा। इस पर प्रवक्ता ब्रूस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने साफ कहा है कि अमेरिका भारत के साथ खड़ा है और आतंकवाद की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि हम इस पर कोई भी टिप्पणी नहीं करने वाले हैं। इस स्थिति पर तो कुछ नहीं बोलेंगे। राष्ट्रपति और सेकरेट्री ने पहले ही काफी कुछ कहा है, हमारा रुख स्पष्ट है। बिना नाम लिए टैमी ब्रूस



ने पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ कड़े एक्शन की बात कही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका उन लोगों के लिए प्रार्थना करता है जिन्होंने आतंकवादी हमले में अपनी जान गंवाई और घायलों के ठीक होने के लिए प्रार्थना करता है। पहलगाम में आतंकवादी हमले पर ब्रूस ने कहा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी को आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए फोन किया था। पीएम मोदी ने ट्रंप को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि भारत इस कायरतापूर्ण और जघन्य आतंकवादी हमले के अपराधियों और समर्थकों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। बता दें 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में बैसरन, जिसे मिनी स्विट्जरलैंड के रूप में जाना जाता है, में 28 लोगों की हत्या कर दी थी। इस आतंकी हमले के बाद पहली सार्वजनिक सभा में पीएम मोदी ने आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का संकल्प लिया था।

# अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध समूह दुनियाभर में अपने स्कैम का फैला रहा जाल

एजेंसी

**जेनेवा**। स्कैम दुनिया में कई नए इलाकों तक भी पहुंच गए हैं। अफ्रीका और यहां तक कि लैटिन अमेरिका से भी ऐसी धोखाधड़ियों की खबरें आ रही हैं जहां स्कैमरों ने किसी को झूठे प्यार के जाल में फंसा लिया, या कोई झूठा निवेश और व्यापार का वादा कर के पैसे ऐंठ लिए या फिर गैरकानूनी सट्टेबाजी में लोगों को फंसा दिया हो।संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण पूर्वी एशिया में दिन-पर-दिन साइबरस्कैम सेंटर बढ़ रहे हैं और ये दुनियाभर में भी फैल रहे हैं।गैंग के लोग कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए लगातार जगह बदलते रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी एशिया में अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध समूह दुनियाभर में अपने स्कैम का जाल फैला रहे हैं।ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि जहां ये स्कैम सेंटर मौजूद थे, वहां सरकार और अधिकारी इन पर लगाम कसने के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू कर रहे हैं। इससे बचने के लिए वे इलाके तलाश रहे हैं।ऐसे स्कैम सेंटर दक्षिण पूर्वी एशिया में कई सालों से चल रहे हैं।कंबोडिया,लाओस और म्यांमार, साथ ही फिलीपीन्स, इनका गढ़ माने जाते हैं और इसे अंजाम देने वाली अलग अलग गैंग एक बॉर्डर से दूसरे बॉर्डर घूमती रहते हैं ताकि वो किसी एक देश के कानून की गिरफ्त में ना आ सकें।यह स्कैम दुनिया में कई नए इलाकों तक भी पहुंच गए हैं।अफ्रीका और यहां तक कि लैटिन अमेरिका से



भी ऐसी धोखाधड़ियों की खबरें आ रही हैं जहां स्कैमरों ने किसी को झूठे प्यार के जाल में फंसा लिया, या कोई झूठा निवेश और व्यापार का वादा कर के पैसे ऐंठ लिए या फिर गैरकानूनी सट्टेबाजी में लोगों को फंसा दिया हो।इन सभी मामलों में धोखाधड़ी करने वाले पैसे लेकर फरार हो गए।संयुक्त राष्ट्र ने क्या कहासोमवार को संयुक्त राष्ट्र के ऑफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम (यूएनओडीसी) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, एशियाई अपराध सिंडिकेट ऐसे दूरदराज के इलाकों में काम कर रहे हैं, जहां कानून लागू करने वाली संस्थाएं कमजोर हैं और ऐसे स्कैमों की भरमार से तंग आ चुकी हैं। दक्षिण-पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए यूएनओडीसी के क्षेत्रीय अधिकारी बेनेडिक्ट हॉफमैन ने एक बयान में कहा, यह रिपोर्ट इस उद्योग के बढ़ने और व्यापार करने के नए तरीकों और स्थानों की तलाश के साथ-साथ एक स्वाभाविक विस्तार को भी दशार्ती है।और साथ ही रिपोर्ट ये भी दिखाती है कि आगे चलकर अगर ये स्कैम यूं ही चलते रहे तो अपराधी भविष्य में अपने ऊपर कैसे जोखिम कम कर सकेंगेयूएनओडीसी का अनुमान है कि सैकड़ों औद्योगिक स्तर के फ्रॉड सेंटर्स लगभग 40 अरब डॉलर का सालाना मुनाफा कमा रहे हैं।एक जगह पर नहीं टिकते स्कैमरअपने कार्यक्षेत्र से बाहर निकलकर दूसरे देशों में सेंटर खोलने का चलन तेजी से बढ़ा है। ऐसे कई सेंटर अफ्रीका, दक्षिण पूर्वी एशिया, खाड़ी देशों और प्रशांत महासागर के कई द्वीपों में सामने आ रहे हैं।यूरोप, उत्तरी और दक्षिण अमेरिका में तो सेंटरों में हवाला का पैसे से लेकर मानव तस्करी और रिक्रूटमेंट सेवाएं तक उपलब्ध थीं।अफ्रीका में, नाइजीरिया ऐसी गतिविधियों के लिए एक हॉट स्पॉट बन चुका है, जहां 2024 के अंत और 2025 की शुरूआत में पुलिस की छापेमारी के कारण कई गिरफ्तारियां हुई।इनमें पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी एशिया के लोग भी शामिल हैं, जिन पर क्रिप्टोकरेंसी और रोमांस घोटाले का आरोप लगा है।

# सुरक्षा एजेंसियां ने दो फर्जी पोनी सर्विस प्रोवाइडर को किया गिरफ्तार

▸ वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर पुलिस ने दोनों को शक होने पर रोका

एजेंसी

**रियासी**। पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद घाटी में सुरक्षा एजेंसियां ज्यादा सतर्क हो गई हैं। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए खुद को पोनी सर्विस प्रोवाइडर बता रहे दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक नियमित गश्त के दौरान टीम ने एक शख्स को रोका और उससे पहचान पूछी, उसने अपना नाम पूरन सिंह बताया लेकिन सत्यापन करने पर पुलिस को पता चला कि उसका नाम मनीर हुसैन है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि मनीर यहां पर अवैध रूप से काम करने के लिए किसी और के अधिकृत सेवा कार्ड का उपयोग कर रहा था। इस मामले में मनीर के खिलाफ कानून की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इसी तरह सामने आए एक और मामले में पुलिस ने बाण गंगा पुल के पास से जम्मू जिले के कोटली के रहने वाले साहिल खान को बिना किस वैध दस्तावेज के या बिना किसी लाइसेंस के पोनी सर्विस चलाने के आरोप में पकड़ा। पुलिस ने बताया कि साहिल ने माना कि उसके पास वैध लाइसेंस नहीं है.. इस आधार पर कानून के मुताबिक उस पर मामला दर्ज कर लिया गया है। स्थानीय पुलिस ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से सत्यापन का काम जारी रहेगा।

## खास खबर

### हेजलवुड पर भड़के यशस्वी

**बेंगलुरु ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में आउट होने के बाद तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पर भड़क गये जिसके बाद अंपायर ने आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार को चेतावनी दी। इस मैच में यशस्वी जब आउट हुए तब हेजलवुड ने कुछ इशारे किये जिससे यशस्वी भड़क गये और उन्होंने कुछ कहा। जिससे अंपायर ने आचारसंहिता का उल्लंघन माना है। इस मैच में हेजलवुड और यशस्वी जायसवाल के बीच विवाद चौथे ओवर से ही शुरू हो गया था। हेजलवुड की पहली तीन गेंदें नहीं खेल पाने के बाद यशस्वी ने तीन चौके लगाए। इसके बाद पावरप्ले के अंतिम ओवर में भी दो चौके और एक छक्का लगाया। ओवर की पांचवीं गेंद पर हेजलवुड ने एंगल बदला और अराउंड द विकेट बॉलिंग की, इस बार जायसवाल शॉट लगाने के प्रयास में आउट हो गये। हेजलुड ने इस मैच में कुल 4 विकेट लेकर आरसीबी की जीत में अहम भूमिका निभाई।

### विराट से बात कर उत्साहित हैं निहाल

**कोलकाता।** पंजाब किंग्स के युवा बल्लेबाज निहाल वढेरा ने इस आईपीएल में सत्र में अब तक अच्छा प्रदर्शन कर सभी का ध्यान खींचा है। निहाल ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ जीत में भी अहम भूमिका निभाई थी। वहीं निहाल इस बात से बेहद उत्साहित हैं कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली उन्हें नाम से जानते हैं। निहाल के अनुसार विराट ने जब उन्हें बातचीत के दौरान खेल की बारीकियां बताये तो ये उनके लिए सबसे बड़ा अनुभव था। वढेरा ने कहा, ह्यजब मैच से पहले विराट भाई श्रेयस अय्यर से बात कर रहे थे और उन्होंने पंजाबी में मुझसे पूछा ह्यकी हाल चाल, निहाल तो मैं हैरान रहा गया था। मुझे उम्मीद नहीं थी कि उन्हें मेरा नाम याद होगा। इससे मुझे बहुत खुशी हुई। वढेरा ने कहा कि उसी पल से उन्हें विराट के साथ बात करने का अवसर मिला। जिसका वह लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा, ह्यपिछले साल में सभी से कहता था कि मुझे एक बार विराट भाई से बात करनी है।

### मैड्रिड ओपन से हटे कार्लोस अल्कराज

**मैड्रिड।** विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज स्पेनिश टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने मेड्रिड ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। पैर की चोट के कारण वे टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। मैड्रिड में उनका मुकाबला शनिवार को होना था। अल्कराज ने बताया कि उन्हें ऊपरी पैर में पहले से चोट थी, जो उन्हें बीते रविवार को बार्सिलोना ओपन के फाइनल के दौरान भी परेशान कर रही थी। इसके अलावा, अब उनके बाएं पैर में भी चोट है। उन्होंने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही उन्होंने खेलने से इनकार करने का फैसला लिया। अल्कराज ने 2022 और 2023 में मैड्रिड ओपन का खिताब जीता था। इस बार वे टूर्नामेंट के दूसरे वरीय खिलाड़ी थे और उनका ड्रा नोवाक जोकोविच के साथ एक ही हाफ में था। बार्सिलोना फाइनल में होल्गर रून से हार के दौरान उन्हें ट्रीटमेंट लेना पड़ा था।

# सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंचे विराट

▸ निकोलस पूरन खिसके सूर्यकुमार चौथे नंबर पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल) में गुरुवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और राजस्थान रॉयल्स के बीच हुए मुकाबले के बाद सर्वाधिक रन बनाने वालों और विकेट लेने वालों की सूची में कई बदलाव हुए। गुजरात टाइटंस के युवा बल्लेबाज बी. साई सुदर्शन 417 रन बनाकर अब भी पहले स्थान पर बने हुए हैं। उन्होंने आठ मैचों में 52.12 की औसत और 152.18 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। वहीं, विराट कोहली ने लगातार दूसरा अर्धशतक जमाते हुए ऑरेंज कैप की दौड़ में लंबी छलांग लगाई है। राजस्थान के खिलाफ उन्होंने 42 गेंदों में 70 रन बनाए और अब उनके नाम नौ पारियों में 392 रन हो गए हैं।




लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन ने प्रतियोगिता की शुरूआत धमाकेदार अंदाज में की थी और काफी मैचों तक सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने रहे। लेकिन हाल के मुकाबलों में खराब फॉर्म की वजह से अब वह तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। उनके नाम 377 रन हैं। मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने हर मैच में उपयोगी योगदान दिया है और अब 373 रनों के साथ चौथे स्थान पर हैं। गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा अब भी सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप धारक हैं। उन्होंने आठ मैचों में 16 विकेट लिए हैं। लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के जोश हेजलवुड ने राजस्थान के खिलाफ 4 विकेट लेकर 16 विकेट पूरे कर लिए हैं। हालांकि उनकी रनगति (इकोनॉमी रेट) अधिक होने के कारण वह दूसरे स्थान पर हैं। प्रसिद्ध कृष्णा और जोश हेजलवुड के बाद सात गेंदबाज ऐसे हैं जिनके नाम 12-12 विकेट हैं।

## युवराज ट्रेनिंग दें तो गेल की तरह बन सकते हैं अर्जुन तेंदुलकर : योगराज

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** पूर्व क्रिकेटर से कोच बने योगराज सिंह ने अब दावा किया है कि सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर क्रिस गेल जैसे खिलाड़ी बन सकते हैं। अपने बयानों के कारण विवादों में रहने वाले योगराज ने कहा, अर्जुन को लेकर मैंने कहा है कि उन्हें अपनी गेंदबाजी पर कम और बल्लेबाजी पर अधिक ध्यान देना चाहिए। साथ ही कहा कि अगर युवराज सचिन के बेटे को तीन महीने के लिए भी ट्रेनिंग देते हैं तो मुझे भरोसा है कि वह अगले क्रिस गेल बन जाएंगे। साथ ही कहा कि अगर कोई तेज गेंदबाज स्ट्रेस फ्रैक्चर से गुजरता है, तो वह प्रभावी ढंग से गेंदबाजी नहीं कर पाता। ऐसे में मुझे लगता है कि अर्जुन को कुछ समय के लिए युवराज को सौंप दिया जाना चाहिए। अर्जुन ने 2022 में रणजी ट्रॉफी की शुरूआत से पहले 12 दिनों के लिए योगराज सिंह से प्रशिक्षण लिया था।



इसके बाद पोरवोरिम में गोवा के लिए खेलते हुए अर्जुन ने रणजी ट्रॉफी में अपने डेब्यू पर शतक बनाया था। योगराज ने कहा, सचिन का बेटा, अगर 12 दिनों के लिए यहां आता है और 100 रन बनाता है। जब उसने डेब्यू पर शतक बनाया और फिर आईपीएल में वापस लौटा, तो लोग डर गए, क्या होगा अगर उसका (अर्जुन का) नाम मेरे साथ जुड़ गया? क्या आप समझ रहे हैं कि मेरा क्या मतलब है? इसलिए लोग अपने नाम के पीछे टैग लगने से डरते हैं। मैंने युवराज से कहा कि सचिन को बोलो उसे एक साल के लिए मेरे पास छोड़ दो और फिर परिणाम देखो।

## कार्लसन की गैरमौजूदगी में प्रज्ञानानंद खिताब के प्रबल दावेदार

एजेंसी


**नई दिल्ली।** ग्रैंड चेस टूर का हिस्सा सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट शनिवार से शुरू हो रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में इस बार नॉर्वे के स्टार खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन हिस्सा नहीं ले रहे हैं, जिससे भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद खिताब के सबसे बड़े दावेदारों में शुमार हो गए हैं। इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से आर. प्रज्ञानानंद और अरविंद चिथंबरम भाग ले रहे हैं। कार्लसन की गैरमौजूदगी ने मुकाबले को पूरी तरह खुला बना दिया है और ऐसे में प्रज्ञानानंद की तेजी से खेले जाने वाले फॉर्मेट में सटीकता उन्हें बेहद खतरनाक खिलाड़ी बनाती है। उन्होंने इस साल टाटा स्टील मास्टर्स में विश्व चैंपियन डी. गुकेश को हराकर खिताब जीता था, जिससे उनके आत्मविश्वास में जबरदस्त इजाफा हुआ है।अरविंद चिथंबरम ने प्राग मास्टर्स में शानदार प्रदर्शन कर यह वाइल्ड कार्ड एंट्री हासिल की है। यह टूर्नामेंट उनके लिए बड़ी परीक्षा की तरह होगा, जहां उन्हें विश्व स्तरीय खिलाड़ियों का सामना करना है।फ्रांस के अलीरेजा फिरूजजा को भी खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। वहीं उनके हमवतन मैक्सीम वाचिए-लाग्रेव भी पिछले दशक में फ्रेंच खिलाड़ियों की छवि को आगे बढ़ाने की उम्मीदों के साथ उतरेंगे। पोलैंड के डूडा और अमेरिका के लेवोन अरोनियन भी खिताब की रेस में रह सकते हैं।विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन ने क्लासिकल फॉर्मेट में अपनी रुचि कम होने की बात स्वीकार करते हुए इस टूर्नामेंट से दूरी बना ली है। वे अब ह्यफ्रीस्टाइल चेस की ओर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और हाल ही में लगातार दो टूर्नामेंट जीत चुके हैं। इस टूर्नामेंट में कुल पुरस्कार राशि 1,75,000 अमेरिकी डॉलर है, और इसके साथ-साथ पूरे सीजन के अंत में ग्रैंड प्राइज का हिस्सा बनने का मौका भी मिलेगा।




## क्रुणाल पांड्या को खरीदना फायदेमंद रहा : फ्लावर

एजेंसी

**बेंगलुरु ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्हें खरीदे जाने का फैसला सही साबित हुआ है। फ्लावर ने कहा है कि इस सत्र में अब तक क्रुणाल ने अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि पूरे सत्र में बीच के ओवरों में क्रुणाल का अहम योगदान रहा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दूसरी पारी में क्रुणाल ने अपनी विविधताओं के बल पर विरोधी टीम को लक्ष्य हासिल नहीं करने दिया। क्रुणाल ने अपनी पहली ही गेंद पर राजस्थान के कार्यकारी कप्तान रियान पराग को आउट करके उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। फ्लावर ने मैच के बाद कहा, नीलामी में क्रुणाल हमारे लिए बहुत काफी अहम पसंद थे। हमें उनकी हरफनमौला क्षमताएं पसंद आईं और उनका अनुभव भी। उन्हें आईपीएल में कप्तानी का अनुभव होने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का भी अनुभव है। उनमें जोश भी है और मुझे यह वाकई पसंद है।




फ्लावर ने टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए स्पिन गेंदबाजी कोच मालोलन रंगराजन को श्रेय दिया, जिन्होंने क्रुणाल के साथ मिलकर काम किया है और अलग-अलग रणनीति तैयार की है जिसे 34 वर्षीय खिलाड़ी सफलता हासिल करने में सक्षम है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उन्होंने हमारे स्पिन कोच के साथ अच्छा काम किया है। मुझे लगता है कि वह एक बेहतरीन ऑल-राउंड कोच हैं।

## अंतर जिला महिला क्रिकेट अंडर 15 प्रतियोगिता के लिए टीम गठित



**रांची ।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला महिला क्रिकेट अंडर 15 प्रतियोगिता(2024-25)हेतु राँची जिला टीम का गठन कि गई है। राँची का पहला मैच 28/04/25 (सोमवार) पाकुड़ में होगा। टीम 26/04/25 को पाकुड़ के लिए रवाना होगी। सभी 15 खिलाड़ी से आग्रह है कि दिनांक 26/04/25 रात्रि 8.30 बजे खादगढ़ा बस स्टैंड कांटा टोली में मैनेजर हिमांशु शेखर को रिपोर्ट करेंगे।

आर्या कुमारी (कप्तान)
2. तन्नू कुमारी
3. शोभा कुमारी
4. अनन्य वर्मा
5. सृष्टि कुमारी
6. आकांशा प्रिया
7.तनीषा सिंह
8.अभिश्री कृष्णा
9.अंशिका राणा
10.आराध्या राज
11.आंचल कुमारी
12. आलेख्य सिंह
13.प्रियांशी कारवां
14. साई सिंह
15.मरियम अयूब
मैनेजर- हिमांशु शेखर
कोच- फराह नाज

## विराट के पाटीदार को दिये एक संकेत से बदला मैच

**बेंगलुरु।** आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मुकाबले में विराट कोहली के कारण राजस्थान रॉयल्स के हाथों आया मैच निकल गया। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने 13 ओवर में ही 3 विकेट पर 132 रन बना लिए थे पर तभी बाउंड्री पर खडें विराट ने टीम के कप्तान रजत पाटीदार को एक संकेत दिया जिससे मैच पलट गया। 13 ओवर के बाद विराट ने बाउंड्री से पाटीदार से इशारों ही इशारों में कहा कि गेंद को बदल लो। विराट ने रजत से कह कि बदली हुई गेंद ग्रिप करेगी। ऐसे में क्रुनाल पंडया को गेंदबाजी पर लगाओ। इसो बाद पाटीदारी ने गेंद बदली जिससे मैच का रुख भी बदल गया। क्रुनाल ने पहले नितिश राणा का विकेट लिया। उसके बाद जोश हेजलवुड ने बाकि काम किया। गेंद बदलने के बाद राजस्थान ने 7 ओवर में ही 62 रनों पर 6 विकेट गंवा दिये।

## एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित

▸ नीरज चोपड़ा नहीं लेंगे हिस्सा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाला फेंक में मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा दक्षिण कोरिया के गुमी में 27 से 31 मई तक होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग नहीं लेंगे। कोच्चि में फेडरेशन कप के समापन के बाद शुक्रवार को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा घोषित टीम में टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज का नाम नहीं था। नीरज 24 मई को बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे।




**भारतीय पुरुष टीम**

200 मीटर : अनिमेष कुजूर, 800 मीटरः अनु कुमार, कृष्ण कुमार, 1500 मीटरः यूनुस शाह, 3000 मीटर स्टीपलचेजः अविनाश साबले, 5000 मीटरः गुलवीर सिंह, अभिषेक पाल, 10,000 मीटरः गुलवीर सिंह, सावन बरवाल, ट्रिपल जंपः प्रवीण चित्रवेल, अब्दुल्ला अबूबकर, ऊंची कूदः सर्वेश कुशारे, भाला फेंकः सचिन यादव, यश वीर सिंह, शॉट पुटः समरदीप सिंह, डेकाथलॉनः तेजस्विन शंकर, 20 किमी रेस वॉकः सर्विन सेबेस्टियन, अमित, 4x100 मीटरः प्रणव प्रमोद, अनिमेष कुजूर, मणिकांता होबलीधर, अमलान बोरगोहेन, तमिलरासु, रागुल कुमार, गुरिंदरवीर सिंह, 4x400 मीटरः विशाल टीके, जय कुमार, मनु टीएस, धर्मवीर चौधरी, रिंस जोसेफ, तुषार कांति, संतोष कुमार, मोहित कुमार।

**भारतीय महिला टीम**

200मीः नित्या गंधे, 400 मीटरः रूपल चौधरी, विथ्या रामराज, 800 मीटरः ट्विंकल चौधरी, पूजा, 1500 मीटरः लिली दास, पूजा, 3000 मीटर स्टीपलचेजः पारुल चौधरी, अंकिता, 5000 मीटरः संजीवनी बाबूराव, पारुल चौधरी, 10000 मीटरः संजीवनी बाबूराव, सीमा, 100 मीटर बाधा दौड़ः ज्योति याराजी, 400 मीटर बाधा दौड़ः विथ्या रामराज, अनु आर, लंबी कूदः शैली सिंह, एंसी सोजन, हेप्टाथलॉनः नंदिनी अगासरा, 4x100 मीटरः नित्या गंधे, अभिनय राजराजन, स्नेहा एस, सरबानी नंदा, दानेश्वरी, वी सुदीक्षा, 4x400 मीटरः रूपल, स्नेहा के, सुभा वेंकटेशन, जिस्ना मैथ्यू, कुंजा राजिथा, सैंड्रामोल साबू।

## भारतीय ईस्पोर्ट्स प्रतिभा की अगली पीढ़ी को सशक्त बनाता है : करण पाठक

एजेंसी

**रांची।** भारतीय ईस्पोर्ट्स के लिए एक ऐतिहासिक क्षण में, क्राफ्टन इंडिया ईस्पोर्ट्स ने बीजीएमआई राइजिंग स्टार्स 2025 कार्यक्रम के पहले समूह का अनावरण किया। यह एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य देश में अगली पीढ़ी के गेमिंग आइकन को खोजना और उनका पोषण करना है। इसकी घोषणा कोलकाता में बीजीआईएस ग्रैंड लैन फाइनल्स 2025 के उद्घाटन दिवस के दौरान की गई, जो भारतीय प्रतिस्पर्धी गेमिंग के सबसे भव्य मंचों में से एक है, जहाँ देश की 16 सर्वश्रेष्ठ टीमें 3.2 करोड़ रुपए की विशाल विशाल पुरस्कार राशि के लिए आपस में भिड़ रही हैं। बीजीएमआइ राइजिंग स्टार्स कार्यक्रम केवल एक प्रतिभा प्रदर्शन से कहीं अधिक है, यह एक व्यापक विकास मंच है, जिसे युवा ईस्पोर्ट्स एथलीट्स को विकसित होने, प्रगति करने और मुख्यधारा के गेमिंग व्यक्तित्व के रूप में स्थापित होने के लिए डिजाइन किया गया है। चयनित आठ एथलीट्स न केवल गेमिंग उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करते हैं, बल्कि भारत भर में महत्वाकांक्षी गेमर्स की नई लहर को प्रेरित करने की क्षमता भी रखते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, करण पाठक, एसोसिएट डायरेक्टर-ईस्पोर्ट्स, क्राफ्टन इंडिया ने कहा, बीजीएमआई राइजिंग स्टार्स 2025 जुनून, संभावना और भारतीय ईस्पोर्ट्स के भविष्य का उत्सव है।




## यशस्वी ने तीन मैचों में पहली ही गेंद पर छक्का लगाने का बनाया रिकार्ड

एजेंसी

**जयपुर ।** राजस्थान रॉयल्स के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मुकाबले में पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर एक नया रिकार्ड बनाया है। अब यशस्वी तीन आईपीएल मैचो में पहली ही गेंद पर छक्का लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गये हैं। इस सूची में विराट कोहली और मयंक अग्रवाल का नाम भी है। अब तक अब तक कुल मिलाकर आठ बल्लेबाजों ने आईपीएल मैच की पारी की पहली गेंद पर ही छक्का मारा है पर यशस्वी ही एकमात्र क्रिकेटर हैं जिन्होंने यह कारनामा तीन बार किया है। आरसीबी के खिलाफ पारी की शुरूआत करने आए यशस्वी ने 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भुवनेश्वर कुमार की पहली गेंद पर बड़ा छक्का मारा। यशस्वी ने पहले भी दो मैच में पहली गेंद पर ही छक्का लगाया था। अब तीसरी बार यह कमाल कर उन्होंने बाकी बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया है। वहीं नमन ओझा ]मयंक अग्रवाल, सुनील नरेन, विराट कोहली, रॉबिन उथप्पा, फिल साल्ट और प्रियांश आर्या ने भी एक बार पहली ही गेंद पर छक्का लगाया था। वहीं राजस्थान रॉयल्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार 5वीं हार मिली जिससे उसके प्लेऑफ की राह अब कठिन हो गई है।



# पांच मैचों की श्रृंखला के लिए तैयार भारतीय महिला हॉकी टीम

▸ ऑस्ट्रेलिया ए और सीनियर टीम से होंगे मुकाबले, कप्तान सलीमा टेटे और दीपिका पर रहेंगी निगाहें

एजेंसी

**पर्थ।** एक महीने लंबे सीनियर नेशनल कैंप के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम अब ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पूरी तरह तैयार है। टीम 26 अप्रैल से 4 मई के बीच पर्थ हॉकी स्टेडियम में पांच मुकाबले खेलेगी, जिनमें शुरूआती दो मैच ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ 26 और 27 अप्रैल को होंगे, जबकि शेष तीन मुकाबले 1, 2 और 4 मई को विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से होंगे। भारतीय टीम ने हाल ही में एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग में घरेलू मैदान पर भाग लिया था, जहां टीम ने आठ मैचों में दो जीत और एक शूटआउट जीत दर्ज की। इस टूर्नामेंट का अंत टीम ने शानदार अंदाज में किया, जब उन्होंने विश्व नंबर-1 नीदरलैंड्स को 2-2 ड्रॉ के बाद शूटआउट में हराकर बोनस प्वाइंट हासिल किया। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने इस श्रृंखला के लिए 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसकी कमान सलीमा टेटे को सौंपी गई है, जबकि नवनीत कौर उप-कप्तान होंगी। युवा ड्रैग फ्लिकर दीपिका बेहतरीन फॉर्म में हैं, जिन्होंने फरवरी में प्रो लीग के दौरान तीन गोल दागे थे। डिफेंडर उदिता सिंह ने भी टूर्नामेंट में दो गोल के साथ शानदार प्रदर्शन किया। अनुभवी गोलकीपर सविता एक बार फिर टीम की मजबूत दीवार बनकर सामने होंगी। उन्होंने हाल ही में अपना 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच पूरा किया है, जो टीम के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। टीम में पांच नई खिलाड़ियों ज्योति सिंह, सुजाता कुजुर, अंजमीना कुजुर, पूजा यादव और महिमा तेते को शामिल किया गया है, जो इस दौरे पर अपना सीनियर टीम डेब्यू कर सकती हैं। कोचिंग स्टाफ और टीम मैनेजमेंट की नजर इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खासतौर पर रहेगी। इतिहास में दोनों टीमों के बीच कुल 16 मुकाबले हुए हैं, जिनमें से 10 में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली है और 3 मैच ड्रॉ रहे हैं। हालांकि, हालिया समय में भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया है। एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर सभी को चौंका दिया था और अब टीम उसी आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, ह्यपर्थ में खेलना हमारे लिए एक रोमांचक अनुभव होगा। सभी खिलाड़ी कड़ी मेहनत कर रहे हैं और हमें भरोसा है कि हम दोनों ही टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस दौरे पर नई खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखना भी दिलचस्प होगा,यह सीरीज हमारे लिए प्रो लीग की यूरोपीय चरण की तैयारी के लिहाज से भी अहम है। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, ह्यबेंगलुरु कैंप में खिलाड़ियों ने जो मेहनत की है, वह अब मैदान पर दिखाई देगी। हमारे पास ऐसा दल है जो किसी भी टीम को मात दे सकता है। ऑस्ट्रेलिया की धरती पर खेलना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन हम इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं।







चीन में क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में जापान के नकाजिमा केटा टी शॉट लगाते हुए।



## रचनात्मक प्रस्तुति को लेकर सुर्खियों में अपारशक्ति खुराना

अपनी रचनात्मक प्रस्तुति को लेकर अभिनेता, गायक और होस्ट अपारशक्ति खुराना आजकल सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में मशहूर पाकिस्तानी कवि अनवर मसूद की प्रसिद्ध कविता बनैन को अपनी शैली में प्रस्तुत किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। इस रचनात्मक यात्रा का सबसे भावुक पल तब आया जब यह प्रस्तुति खुद अनवर मक़सूद साहब तक पहुँची। उन्होंने न केवल इस प्रयास को सराहा, बल्कि अपारशक्ति के अभिनय और अदायगी की खुलकर तारीफ भी की। अनवर मक़सूद ने अपारशक्ति के लिए एक विशेष वीडियो संदेश भेजा जिसमें उन्होंने कहा, खुराना साहब, आपने मेरी नज़्म बनैन जो पढ़ी है, वह मैंने सुनी है और मुझे बहुत पसंद आई है। मेरी नज़्म और आपकी अदायगी, दोनों मिलकर एक बहुत खूबसूरत मंज़र पेश करते हैं। मैं आपको इस अदायगी पर मुबारकबाद देता हूँ। ऐसे प्रतिष्ठित साहित्यकार से मिली सराहना से अपारशक्ति भावुक हो उठे और उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से अपना आभार प्रकट करते हुए लिखा कि यह क्षण उनके लिए अविस्मरणीय है। उन्होंने अनवर साहब की पोती हादिआ आकिब को भी विशेष धन्यवाद दिया, जिनकी मदद से यह वीडियो संदेश उनके पास पहुँचा। अपारशक्ति का यह प्रयास न केवल उनकी बहुआयामी प्रतिभा को दर्शाता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि साहित्य और कला की भाषा सीमाओं से परे होती है। इस भावनात्मक संवाद ने भारत और पाकिस्तान के बीच सांस्कृतिक रिश्तों की एक खूबसूरत मिसाल पेश की है। अपारशक्ति की यह प्रस्तुति सिर्फ एक वीडियो नहीं, बल्कि एक सरहद पार साहित्यिक पुल है जो दिलों को जोड़ता है। अब दर्शकों की निगाहें उनके आने वाले प्रोजेक्ट्स पर हैं। वह जल्द ही फिल्म बदतमीज़ गिल में परेश रावल और वाणी कपूर के साथ नजर आएंगे।

## निल बटे सन्नाटा: अच्छी कहानी के लिए नामी चेहरे जरूरी नहीं

साल 2015 में आई छोटी सी फिल्म निल बटे सन्नाटा ने बिना बड़े सितारों या भारी प्रमोशन्स के वो कर दिखाया, जो बड़ी-बड़ी फिल्मों के लिए भी मुश्किल होता है। प्रोडक्शन हाउस 'कलर यलो प्रोडक्शन्स' के तहत बनी इस फिल्म ने यह संदेश दिया कि एक अच्छी कहानी के लिए जरूरी नहीं कि नामी चेहरे हों, बस सच्ची भावनाएं और मेहनत से रचा गया सपना होना चाहिए। फिल्म एक सिंगल मदर की कहानी कहती है, जो घरेलू सहायिका होने के बावजूद अपनी बेटी के लिए ऊँचे सपने देखती है। इस किरदार को स्वरा भास्कर ने बेहद संजीदगी से निभाया। उनकी परफॉर्मेंस ने दर्शकों को न सिर्फ भावुक किया, बल्कि सोचने पर भी मजबूर कर दिया कि समाज में किस तरह सपनों को वर्ग, उम्र या हैसियत के आधार पर सीमित कर दिया जाता है।

निल बटे सन्नाटा की सबसे बड़ी खूबी यही थी कि उसने उम्मीद और हौसले की बात की, और दिखाया कि अगर इरादा पक्का हो, तो कोई भी बाधा मायने नहीं रखती। यह फिल्म उस पुरानी सोच को तोड़ती है कि एक सफल फिल्म में पुरुष लीड जरूरी होता है। इस फिल्म में कैमरे के दोनों ओर महिलाएं थीं सामने स्वरा भास्कर, और निर्देशन की कमान थामे अश्विनी अय्यर तिवारी, जिनके लिए यह पहली फिल्म थी। उन्होंने एक ऐसी कहानी कही जो हर उम्र, हर वर्ग और हर जेंडर को छू गई।

नौ साल बीत जाने के बाद भी निल बटे सन्नाटा उतनी ही प्रासंगिक, ताज़ा और प्रेरणादायक लगती है। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक दृष्टिकोण है एक भरोसा कि परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन हों, अगर उम्मीद थामे रखी जाए, तो ज़िंदगी बदली जा सकती है। यह फिल्म उन गिनी-चुनी कहानियों में से एक है जो आपको मुस्कुराना सिखाती है, और यह यकीन दिलाती है कि जहां भी हों, आप आगे बढ़ सकते हैं। सपनों की कोई एक्सपायरी डेट नहीं होती, और यही बात निर्देशक आनंद एल राय और फिल्म निल बटे सन्नाटा ने साबित कर दी।



# मैं आपसे सबसे ज्यादा प्यार करती हूं अप्पा: श्रुति हासन

बालीवुड एक्ट्रेस श्रुति हासन ने अपनी जिंदगी के सबसे खास रिश्ते पर खुलकर बात की है। अपने लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने बताया कि वह किससे सबसे ज्यादा प्यार करती हैं, और वह कोई और नहीं बल्कि उनके पिता और साउथ फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेता-निर्देशक कमल हासन हैं। श्रुति ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह अपने पिता के साथ नजर आ रही हैं। तस्वीरों में कमल हासन ब्राउन पैंट और बेबी पिंक टी-शर्ट पहने कुर्सी पर बैठे हैं, जबकि श्रुति ब्लैक आउटफिट में उनके पैरों के पास जमीन पर बैठी हैं। दोनों कैमरे की ओर देखकर मुस्कुरा रहे हैं। इन प्यारी तस्वीरों के साथ श्रुति ने एक इमोशनल कैप्शन भी लिखा है : 'आप हमेशा मेरी जिंदगी की रोशनी और ताकत का जरिया हो, हंसी का कारण होज मैं आपसे सबसे ज्यादा प्यार करती हूं अप्पा।' फैंस को यह पोस्ट काफी पसंद आ रही है और सोशल मीडिया पर इसे लेकर कई भावुक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कई यूजर्स ने पिता-बेटी के इस प्यारे रिश्ते को दिल छू लेने वाला बताया है। श्रुति का पूरा नाम श्रुति राजलक्ष्मी हासन है। उनका जन्म 28 जनवरी 1986 को तमिलनाडु में हुआ था, जो उनके माता-पिता कमल हासन और सारिका की शादी से दो साल पहले हुआ था। बाद में कमल और सारिका ने 1988 में विवाह किया और उनकी दूसरी बेटी अक्षरा हासन का जन्म हुआ। हालांकि 2004 में यह रिश्ता तलाक के साथ खत्म हो गया। श्रुति और कमल हासन के बीच का यह भावनात्मक रिश्ता इंडस्ट्री में मिसाल माना जाता है, और एक बार फिर इस पोस्ट ने यह साबित कर दिया कि पब्लिक फिगर होने के बावजूद भी कुछ रिश्ते बेहद निजी और अनमोल होते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस श्रुति हासन अक्सर अपने अभिनय से ज्यादा निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। फैंस और पैपराजी अक्सर उनसे शादी और रिलेशनशिप को लेकर सवाल पूछते हैं।





## जान्हवी ने पीरियड्स के दर्द को कम आंकने वाले पुरुषों पर साधा निशाना

हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने महिलाओं के पीरियड्स के दर्द को कम आंकने वाले पुरुषों पर निशाना साधा। जान्हवी का कहना है कि अगर मर्दों को पीरियड्स होते तो वे एक पल भी इस दर्द को सहन नहीं कर पाते, और शायद तब पूरी दुनिया में युद्ध जैसा माहौल बन जाता।

उन्होंने कहा कि कई बार जब महिलाओं का मूड खराब होता है या वे किसी बात पर बहस करती हैं, तो पुरुष उन्हें यह कहते हैं, क्या यह पीरियड्स का समय है? लेकिन जान्हवी का मानना है कि इस तरह की बातें महिलाओं के दर्द और भावनाओं को अनदेखा करने जैसी हैं। उनका कहना है, अगर आप सच में हमारी भावनाओं को समझते हैं तो आपको थोड़ा रुकना चाहिए, क्योंकि पीरियड्स का दर्द इतना गहरा होता है कि उसे शब्दों में नहीं कहा जा सकता। जान्हवी ने आगे कहा, यह बहुत अजीब और गलत नजरिया है, क्योंकि मैं आपको विश्वास दिलाती हूं, पुरुष इस दर्द और मूड स्विंग को एक मिनट भी सहन नहीं कर पाएंगे। अगर मर्दों को पीरियड्स होते तो शायद पूरी दुनिया में परमाणु युद्ध जैसा माहौल बन जाता।

जान्हवी का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और लोग इसे लेकर खूब चर्चा कर रहे हैं। जान्हवी कपूर की 2024 में तीन फिल्में रिलीज़ हुईं, जिनमें मिस्टर एंड मिसेज माही, उलझन और देवरा पार्ट 1 शामिल हैं। अब एक्ट्रेस अपनी अगली फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके अलावा, उनकी फिल्म परम सुंदरी 2025 में रिलीज़ होगी। जान्हवी तेलुगू फिल्म पेड्डी में भी नजर आएंगी, जिसमें राम चरण, शिव राजकुमार, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू भी होंगे। पेड्डी 27 मार्च 2026 को रिलीज़ होने वाली है।

## फिल्म निकिता रॉय की रिलीज डेट का ऐलान




साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म निकिता रॉय की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा मुख्य भूमिका निभा रही हैं, उनके साथ अर्जुन रामपाल, परेश रावल और सुहैल नय्यर जैसे दमदार कलाकार नजर आएंगे। यह फिल्म 30 मई, 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया गया है, जिसमें इसकी ऑफिशियल रिलीज डेट का खुलासा किया गया है। निकिता रॉय का निर्देशन कुश एस. सिन्हा ने किया है। फिल्म का जॉनर साइकोलॉजिकल थ्रिलर है, जो ह्यूमन माइंड के ग्रे एरियाज और रहस्यमय परतों को सामने लाने का दावा करती है। फिल्म का निर्माण निकिता पाई फिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले हुआ है। इसका नेतृत्व किंजल अशोक घोने ने किया है और इसमें निक्की खेमचंद भगनानी, विक्की भगनानी, अंकुर टकरानी, दिनेश रतिराम गुप्ता और क्रेटोस एंटरटेनमेंट ने सहयोग दिया है। फिल्म की कहानी और स्क्रीनप्ले पवन कृपलानी ने लिखा है, जो थ्रिलर जॉनर के लिए जाने जाते हैं। फिल्म के निर्माता निक्की और विक्की भगनानी ने अपनी उत्सुकता साझा करते हुए कहा, यह फिल्म हमारे दिल के बेहद करीब है। यह उन विषयों को छूती है जो आमतौर पर मेनस्ट्रीम सिनेमा में नहीं दिखते। फिल्म की कहानी, शानदार कास्ट और कुश एस सिन्हा का अलग विजन इसे एक मस्ट-वॉच बनाता है। हमें पूरा भरोसा है कि दर्शक इस तरह के कंटेंट के लिए तैयार हैं। रहस्य, थ्रिल और मनोवैज्ञानिक गहराईयों से भरपूर यह फिल्म 2025 की सबसे रोचक थ्रिलर्स में से एक मानी जा रही है। दर्शकों के बीच इस फिल्म को लेकर उत्साह पहले से ही देखने को मिल रहा है। निकिता रॉय को आनंद मेहता, प्रकाश नंद बिजलानी, शक्ति भटनागर, मेहनाज़ शेख और प्रेम राज जोशी ने को-प्रोड्यूस किया है।

## 'महाभारत' पर काम शुरू करने जा रहे हैं आमिर खान



हाल ही में एक इंटरव्यू में बालीवुड एक्टर आमिर खान ने खुलासा किया कि वह इस साल से 'महाभारत' पर काम शुरू करने जा रहे हैं। यह फिल्म उनका अब तक का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट साबित होने वाला है। उन्होंने बताया कि 'महाभारत' को मल्टीपल पार्ट्स में बनाया जाएगा, ठीक उसी तरह जैसे हॉलीवुड की मशहूर सीरीज 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' को पेश किया गया था। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस भव्य प्रोजेक्ट की स्क्रिप्टिंग में काफी समय लग सकता है क्योंकि कहानी को संजीदगी और विस्तार के साथ दर्शाना उनका प्राथमिक उद्देश्य है। फिल्म को लेकर आमिर ने यह भी कहा कि वह खुद इस प्रोजेक्ट को डायरेक्ट नहीं करेंगे। उन्होंने इसे एक मल्टी-डायरेक्टर प्रोजेक्ट बताया, जिसका निर्देशन कई फिल्ममेकर मिलकर करेंगे।

इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म के हर पार्ट पर एक अलग दृष्टिकोण और विशेषज्ञता के साथ काम किया जाएगा। वहीं, जब उनसे पूछा गया कि क्या वह खुद फिल्म में एक्टिंग करेंगे, तो आमिर ने कहा कि इस बारे में उन्होंने अभी कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि रोल्स का चयन टीम करेगी और इस बात का फैसला लिया जाएगा कि कौन सा कलाकार किस किरदार के लिए सबसे उपयुक्त होगा। आमिर खान आखिरी बार साल 2022 में फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में नजर आए थे, जो हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' की आधिकारिक रीमेक थी। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब आमिर फिल्म 'सितारे ज़मीन पर' में दिखाई देंगे, जो साल 2007 में आई सुपरहिट फिल्म 'तारे ज़मीन पर' का सीक्वल है। इस फिल्म का निर्देशन आर.एस. प्रसन्ना कर रहे हैं और इसमें आमिर के साथ दर्शील सफारी और जेनेलिया देशमुख भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'महाभारत' को लेकर दर्शकों में जो उत्सुकता है, वह आमिर के इस नए कदम के बाद और भी बढ़ गई है। बता दें कि आमिर खान पिछले कुछ समय से अपने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'महाभारत' को लेकर चर्चा में हैं। इस पौराणिक गाथा पर आधारित फिल्म को लेकर कई तरह की अटकलें और खबरें पहले से ही सामने आती रही हैं।

## ज्वेल थीफ: द हाइस्ट बिगिन्स' को लेकर चर्चा में सैफ अली खान




अपनी आगामी फिल्म 'ज्वेल थीफ- द हाइस्ट बिगिन्स' को लेकर अभिनेता सैफ अली खान खासा चर्चा में हैं। सैफ इसके प्रमोशन में पूरी तन्मयता से जुटे हुए हैं। उन्होंने एक और बड़ी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसे डायरेक्टर राहुल ढोलकिया निर्देशित कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस फिल्म की शूटिंग मुंबई के बल्लार्ड एस्टेट स्थित ग्रैंड होटल के पास शुरू हो चुकी है। सैफ आने वाले कुछ हफ्तों में शहर के अलग-अलग हिस्सों में शूटिंग करते नजर आएंगे। उन्होंने प्रतीक गांधी और दीपक डोबरियाल के साथ एक महत्वपूर्ण सीक्वेंस भी फिल्माया है। माना जा रहा है कि 'ज्वेल थीफ' के प्रमोशनल कमिटमेंट्स पूरे करने के बाद, सैफ पूरी तरह इस नए प्रोजेक्ट पर ध्यान केंद्रित करेंगे। हालांकि फिल्म से जुड़ी जानकारियों को गोपनीय रखा गया है, लेकिन इंडस्ट्री में चर्चा है कि सैफ इस फिल्म में भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन का किरदार निभा सकते हैं। यह फिल्म भारत के पहले आम चुनाव और उस दौर की ऐतिहासिक घटनाओं को उजागर करेगी, जिसमें सेन की भूमिका केंद्रीय होगी। वहीं, 'ज्वेल थीफ- द हाइस्ट बिगिन्स' की बात करें तो यह एक हाई-स्टेक हीस्ट ड्रामा है, जिसमें सैफ रेहान रॉय की भूमिका में हैं, जिसे जयदीप अहलावत का किरदार राजन औलाख 500 करोड़ रुपये के कीमती अफ्रीकन रेड सन हीरे की चोरी के लिए हायर करता है। फिल्म में कुणाल कपूर इंस्पेक्टर विक्रम पटेल, निकिता दत्ता राजन की पत्नी और रेहान की एक्स-गर्लफ्रेंड फराह के किरदार में हैं। फिल्म में शबाना आजमी, अनुपम खेर, परेश रावल और जैकी श्रॉफ जैसे सशक्त कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म का निर्देशन कुकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल ने किया है।

# गौतमबुद्धनगर में छात्रों ने दिखाया दम, तनवी व देव बने टॉपर



**गौतमबुद्धनगर (चेतना मंच)।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के 10वीं व 12वीं नतीजों के ऐलान के बाद छात्रों के चेहरे खिल उठे हैं। इंटरमीडिएट में गौतमबुद्धनगर के छात्रों की रैंक प्रदेश में काफी सुधार है जबकि हाईस्कूल के छात्रों का रिजल्ट 28वें पायदान से गिरकर 31वें स्थान पर पहुंच गया है।

वर्ष- 2025 में यूपी बोर्ड के नतीजों में काफी सुधार हुआ है। गौतमबुद्धनगर में छात्रों का रिजल्ट अच्छा आया है। हाईस्कूल में 91.15 प्रतिशत छात्र और इंटर में 86.56 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं। हाई स्कूल में 22128 में से 200825 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे जिनमें से 18981 में सफलता हासिल की है। वहीं इंटर में 19762 में 19059 छात्र सम्मिलित हुए थे। जिसमें से 16327 में सफलता हासिल की है। 86.56 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं।

## 10वीं में 18981 तथा 12वीं 16327 छात्र हुए पास

### हाईस्कूल में तनवी नागर टॉपर



हाईस्कूल में तनवी नागर ने 95 प्रतिशत अंक लेकर जनपद में टॉप किया है। तनवी यश मेमोरियल बिशनपुरा सेक्टर 58 की छात्रा है। दूसरे पायदान पर शीतल सिंह 93.17 प्रतिशत के साथ यश मेमोरियल बिशनपुर की रही। तीसरे पायदान पर कृष्णा एसडीएस स्कूल दनकौर 92.83 प्रतिशत के साथ रहे।

### 12वीं में देव रहे टॉपर



वीआरयसवी इंटर कालेज कलौंदा के देव ने जनपद में इंटर में 90.80 प्रतिशत से टॉप किया है। सीआरएस गर्ल्स इंटर कॉलेज सदरपुर की अनुष्का कुमारी ने दूसरा अंक प्राप्त किया है। उनके 90.80 अंक प्राप्त किए है। केसीएस गर्ल्स इंटर कॉलेज सूरजपुर के अंशु जायसवाल ने तीसरा स्थान हासिल किया है। उनके 89.80 अंक आए है।

### 10वीं के टॉपर छात्र

| रैंक | विद्यार्थियों के नाम | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | तनवी | 95.00 |
| 2 | शीतल सिंह | 93.17 |
| 3 | कृष्णा | 92.83 |
| 4 | प्रियंका | 89.40 |
| 5 | गीतांजलि | 92.00 |
| 6 | शुभम कुमार तिवारी | 91.83 |
| 7 | मोहित कुमार | 91.83 |
| 8 | सोनी चौधरी | 91.67 |
| 9 | खनक | 91.00 |
| 10 | संजना | 91.00 |
| 11 | वंशिका | 91.00 |
| 12 | ऋषि कुमार | 90.83 |
| 13 | करन प्रजापति | 90.83 |
| 14 | अलीसा नूर | 90.67 |
| 15 | विशाल | 90.67 |
| 16 | रितिका सिंह | 90.67 |

### 12वीं के टॉपर छात्र

| रैंक | विद्यार्थियों के नाम | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | देव | 90.80 |
| 2 | अनुष्का कुमारी | 90.00 |
| 3 | अंशु जायसवाल | 89.80 |
| 4 | रिशु शर्मा | 89.40 |
| 5 | मोहिनी पाल | 88.60 |
| 6 | लक्ष्मी सवल | 88.40 |
| 7 | निधि कुमारी झा | 88.00 |
| 8 | शिखा | 87.80 |
| 9 | शुभम कुमार | 87.80 |
| 10 | समबुल | 87.80 |
| 11 | नंदनी | 87.80 |
| 12 | चिंटू | 87.60 |
| 13 | खूशबू | 87.60 |
| 14 | नवीन कुमार | 87.20 |

# पेंशनधारकों को सुविधा घर बैठे दें प्रमाण पत्र

**नोएडा (चेतना मंच)।** वरिष्ठ कोषाधिकारी गौतमबुद्धनगर शिखा गुप्ता द्वारा जनपद के समस्त पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स को जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेंशनरों के लिए वर्ष में एक बार किसी भी माह में जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की व्यवस्था लागू है, जो एक वर्ष तक प्रभावी रहती है।

वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में पेंशनर कोषागार में उपस्थित हुए बिना भी अपना जीवन प्रमाण पत्र बैंक के माध्यम से अथवा 'जीवन प्रमाण' पोर्टल के जरिए ऑनलाइन प्रेषित कर सकते हैं। यह प्रमाण पत्र भी अगले एक वर्ष तक वैध रहेगा।

इसके अतिरिक्त यह स्पष्ट किया गया कि यदि किसी पेंशनर या पारिवारिक पेंशनर का देहांत हो जाता है, तो उनके परिजनों द्वारा कोषागार को मृत्यु की सूचना 15 दिवस के भीतर देना अनिवार्य है। परंतु वर्तमान में कुछ प्रकरण ऐसे भी सामने आ रहे हैं जिनमें मृत्यु की सूचना केवल संबंधित बैंक को देकर खाता बंद कर दिया जाता है, जबकि कोषागार को समय से अवगत नहीं कराया जाता, जिससे अनावश्यक जटिलताएँ उत्पन्न होती हैं तथा अधिक पेंशन के भुगतान की स्थिति बन जाती है।

उन्होंने पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों से अपील की कि वे स्वयं और अपने परिजनों को इस संबंध में जागरूक करें तथा किसी भी स्थिति में सर्वप्रथम कोषागार को ही सूचित करें, ताकि किसी भी प्रकार की प्रशासनिक कठिनाई से बचा जा सके।

# बिशनपुरा की तनवी ने नाम किया रोशन, नोएडा में खुशी की लहर



**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में बिशनपुरा नोएडा की छात्रा तनवी नागर ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि क्षेत्र का गौरव भी बढ़ाया है। तनवी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव की भतीजी है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर पूरे परिवार, शिक्षकों और रिश्तेदारों में खुशी की लहर है।

कांग्रेस के प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर ने तनवी को इस अभूतपूर्व सफलता पर हार्दिक बधाई दी और कहा कि उनकी मेहनत और लगन आज रंग लाई है। उन्होंने यह भी कहा कि तनवी शुरू से ही पढ़ाई में होशियार रही है और उन्होंने कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। तनवी को हाईस्कूल में 95 प्रतिशत मार्क्स मिले हैं। उन्हें हिन्दी में 91, अंग्रेजी में 97, गणित में 100, साइंस में 96, सोशल साइंस में 93 तथा कंप्यूटर में 93 अंक मिले हैं। स्कूल के शिक्षकों ने भी तनवी की तारीफ करते हुए कहा कि वह एक अनुशासित और मेधावी छात्रा रही है उनके भविष्य को लेकर सभी ने आशा जताई कि वह आगे चलकर देश और समाज का नाम रोशन करेंगी। तनवी की सफलता ने क्षेत्र के अन्य छात्रों को भी प्रेरित किया है।

इस अवसर पर तनवी ने कहा कि वह आगे चलकर प्रशासनिक सेवा में जाना चााहती है और देश की सेवा करना उनका सपना है।


**SAHARA BUILDER & PROPERTIES™**

ISO 9001:2008

**PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA**

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US : +919810441077, +919710441077

Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308


# 'गौवंशों के भरण-पोषण के लिए जनता से मांगा दान'

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गौ आश्रय स्थलों की स्थापना, क्रियान्वयन, संचालन एवं प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा एवं संवर्धन कोष समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमे जनपद के विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों ने भाग लिया।



बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि संबंधित शासनादेश में दिये गये दिशा निर्देश के अनुसार मण्डी समिति, टोल प्लाजा व अन्य सरकारी, गैर सरकारी संगठनों आदि के माध्यम से इस कोष में धनराशि एकत्र की जा सकती है। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि गोवंशों के भरण पोषण के लिए गो संवर्धन एवं संरक्षण कोष में अधिक से अधिक दान करें। गो संवर्धन एवं संरक्षण कोष का बैंक खाता केनरा बैंक शाखा सूरजपुर गौतम बुद्ध नगर में है, जिसका खाता संख्या 110221471889 तथा आईएफएससी कोड CNRB 0018690 हैं।

मुख्य विकास अधिकारी ने प्राधिकरण/नगर निकाय एवं स्थानीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में सड़को पर घूम रहे निराश्रित गौवंशो का शत प्रतिशत संरक्षण कर लिया जाये एवं जान बूझ कर छोड रहें गौवंशों के पशु मालिकों को चिन्हित करते हुये भारी जुर्मना लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित समस्त गौशालाओं में गोवंशों के भरण पोषण हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा, गर्मी से बचाव हेतु समस्त व्यवस्थाएं सुदृढ़ रहे। साथ ही गौशालाओं से संबंधित चारागाहों में हरा चारा उगाने के निर्देश दिये गये।

मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में सभी उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अपने-अपने क्षेत्र की गौशालाओं में नियमित रूप से भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि गौशालाओं में पशुओं के भरण पोषण हेतु भूसा, हरा चारा, पानी एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रहे। उन्होंने कहा कि सभी पशु चिकित्सा अधिकारी गौशालाओं में पशुओं की संख्या पर विशेष फोकस रखें और अपने भ्रमण के दौरान गौशाला में उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज संख्या से मूल संख्या का मिलान अवश्य करें और पोर्टल पर भी वही संख्या दर्ज करें।

बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार, समिति के सदस्य के रूप में जिला स्तरीय अधिकारी एवं पशु पालन विभाग के समस्त उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी /पशु चिकित्साधिकारी, प्राधिकरण के प्रभारी अधिकारी, स्थानीय निकायो के अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, खण्ड विकास अधिकारी, बिसरख अधिशासी अधिकारी दादरी, दनकौर आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के जरिए मिले सुलभ न्याय : जिला जज

**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद में 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए जनपद न्यायालय सभागार में प्रभारी जिला जज/अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर प्रतिक्षा नागर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। प्रभारी जिला जज ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक अदालत के माध्यम से आमजन को शीघ्र एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए सभी संबंधित विभाग अपने-अपने स्तर पर ठोस तैयारियाँ सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वादों के चिन्हीकरण से लेकर प्रचार-प्रसार तक की सभी गतिविधियाँ योजनाबद्ध ढंग से की जाएँ ताकि अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण आपसी समझौते से हो सके।



इस राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम, वैवाहिक वाद, उत्तराधिकारी अधिनियम, दीवानी वाद, एमवी एक्ट व ई-चालान, आर्बिट्रेशन, एनआई एक्ट की धारा 138, विद्युत अधिनियम, भू-राजस्व, पेंशन, श्रम सहित विभिन्न प्रकरणों के साथ-साथ प्री-लिटीगेशन स्तर पर बैंक ऋण, विद्युत व बीएसएनएल के बिलों से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाएगा। मामलों के निस्तारण के लिए पक्षकार संबंधित न्यायालय में संपर्क कर सकते हैं एवं अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ईमेल dlsa.gbnnoida@gmail.com व टोल फ्री नंबर 120-2970040 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

प्रभारी जिला जज ने डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पाण्डेय को निर्देशित किया कि वे राजस्व विभाग सहित अपने अधीनस्थ विभागों में लंबित मामलों की सूची तैयार कर निस्तारण हेतु ठोस कार्ययोजना बनाएं। साथ ही यूपीपीसीएल, परिवहन, समाज कल्याण, स्टांप, स्वास्थ्य, पूर्ति, श्रम, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सहित सभी विभागों को अपने-अपने दायरे में आने वाले मामलों का अधिकतम समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

प्रभारी सचिव जिला विधिक प्राधिकरण/सिविल जज सीनियर डिवीजन गौतम बुद्ध नगर मयंक त्रिपाठी ने वृहद प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए कहा कि वादकारी राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठा सकें, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही 1 से 09 मई 2025 तक निस्तारित प्री-लिटीगेशन मामलों की सूचना संबंधित नोडल अधिकारी को समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, ताकि आंकड़ों को लोक अदालत के अंतिम विवरण में जोड़ा जा सके।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पाण्डेय, जिला समाज कल्याण सतीश कुमार, एसीपी ट्रैफिक शकील मोहम्मद, जिला पूर्ति अधिकारी हरिओम उपाध्याय सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।